बाजार सीकर में किया गया। जिसमें डॉ. सुनील ढण्ड द्वारा आये हुए सदस्यों एवं समाज के गणमान्य लोगों को मधुमेह रोग के बारे मे जानकारी दी, बताया कि किस प्रकार से इस रोग को लेकर लोगों मे विभिन्न-विभिन्न प्रकार की अनेकों भ्रांतियां हैं। डॉ. ढण्ड ने लोगों की भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि किस प्रकार से हम खानपान और अपने जीवनशैली में बदलाव कर मधुमेह और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों से अपने आप को और अपने परिवार को बचा सकते हैं। शिविर संयोजिका वीरा नीलम मिश्रा द्वारा डॉ. सुनील ढण्ड को (पौधा) देकर



**मधुमेह जागरूकता शिविर का आयोजन**

सम्मानित किया। केंद्र चेयरमैन वीर सुभाष मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार समाज और देश मे मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां आम आदमी को अपनी चपेट में ले रही हैं, उससे बचने के लिए इस प्रकार के जागरूकता शिविर निरंतर रूप से लगाना आवश्यक हैं। शिविर में वीरा सनू मोदी, सचिव वीर राजेंद्र पहाड़िया, वरिष्ठ सदस्य वीर डॉ. एम.पी. जैन, वीर महेश शर्मा, वीर शिवकुमार जांगिड़, वीर सुरेश अग्रवाल, वीर गौरीशंकर पारीक, वीर सुनील दीवान, वीर प्रमोद अग्रवाल, वीरा शिवानी तिवारी, वीरा मधु सोनी, वीरा मंजु लोहिया, वीरा निधि, वीरा डॉ. पूजा चौधरी, वीरा शान्ति जांगिड़, वीरा संगीता पहाड़िया सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी हिस्सा लिया।

## महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र टीन शेड का निर्माण करवाया गया

**महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र** द्वारा स्वर्गीय



**टीन शेड का निर्माण करवाया गया**

श्री गुरुदयाल जी जांगिड़ की पुण्य स्मृति पर जोन चेयरमैन एम.आई.एफ. वीर नागरमल जांगिड़ के सौजन्य से ग्राम माकड़ो स्थित मुक्तिधाम परिसर में टीन शेड का निर्माण करवाया एवं बैठने की सीमेंटेड बेंचे लगाई गई। एक जरूरतमंद परिवार को 6 माह की राशन सामग्री भेंट की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर रमेश कुमार जांगिड़, सचिव वीर सुरेश डागर, वीर संदीप जांगिड़, वीर बलबीर जांगिड़, कप्तान बलवान डैला, सुरेश डैला, अनिल सोमरा चौधरी, नांनड़राम डागर, रमेश डैला एवं काफी संख्या में ग्रामीण गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनू केंद्र एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में** स्वर्गीय श्री केदारमल जी हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ, शिविर में 850 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। वीर देवेंद्र कुमार गोड़ के सौजन्य से स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा देवी गोड़ के जन्मदिवस पर रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित ममता की पाठशाला में 60 जरूरतमंद बच्चों को स्नेक्स व स्टेशनरी वितरण की गई। साथ ही गोपाल गौशाला झुंझुनू में गौमाताओं को गुड एवं हरी सब्जियां खिलाई गई। केंद्र एवं श्री विजय सार्वजनिक सभा जसरापुर के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्री नारायण दास जी जोशी की स्मृति पर वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी परिवार के सौजन्य से विशाल नि:शुल्क नेत्र एवं बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर श्री सीताराम जी मंदिर परिसर जसरापुर में संपन्न हुआ, शिविर में (टिबड़ा आई हॉस्पिटल) डॉ नंदकिशोर टिबड़ा टीम द्वारा 470 नेत्र मरीजों की आधुनिक मशीनों से जांच





**नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, नेत्र एवं बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविरों का आयोजन**

कर उनको दवाईयां एवं 183 चश्में नि:शुल्क वितरण किए गए, 43 मोतियाबिंद के मरीजों को चयनित किया गया, जिनके ऑपरेशन बुधवार एवं गुरुवार को करवाए जाएंगे, साथ ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. एस.के. भार्गव, दमा श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.एन. शुक्ला, जनरल फिजिशियन डॉ. रिया जैन, डॉ. मानसी जोशी द्वारा 139 मरीजों को परामर्श अनुसार एक सप्ताह की दवाईयां नि:शुल्क वितरण की गई, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के 220 मरीजों की जांच कर डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार एक माह की दवाईयां नि:शुल्क वितरण की गई। अन्तर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय श्रीमान निरंजन लालजी केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में

नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 56 हाइजीनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए, बाल रोग विशेषज्ञ वीर डॉ. नेमीचंद ने मां के दूध की उपयोगिता मां व बच्चों की देखरेख के बारे में विस्तार से बताया और महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। इन विभिन्न अवसरों पर संरक्षक वीर डॉ. एस.एन. शुक्ला, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, वीर ओमप्रकाश ककराणीया, वीर देवेंद्र कुमार गोड़, वीर आदित्य गोड़, वीर आकाश गोड़, वीर प्रदीप कुमार शुक्ला, वीर शिव प्रसाद महर्षि, वीर अशोक शर्मा, वीर प्रमोद कुमार शर्मा व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सीकर केंद्र का गठन किया गया

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र** द्वारा सीकर का 25 महिलाओं के समूह के साथ गठन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान एवं रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड ने बताया कि उपरोक्त महिला केंद्र की साधारण सभा की बैठक गढ़ परिसर सुभाष चौक में संपन्न हुई। सीकर केंद्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वीर जालान ने संस्था के सेवा कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी महिलाओं से साझा कर विस्तार से संस्था के बारे में बताया। केंद्र गठन के लिए औपचारिक दस्तावेज तैयार कर अपेक्स ऑफिस भेजे गए हैं। शीघ्र ही चार्टर आने पर शपथ ग्रहण कराया जाएगा। उपरोक्त महिला केंद्र के लिए सन्नू मोदी अध्यक्ष एवं किरण खेतान, सचिव व शिवानी तिवाड़ी कोषाध्यक्ष, नीलम मिश्रा को डायरेक्टर पद के लिए सर्वसम्मति से नियुक्त किया। कार्यक्रम में अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्याम सुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी वीर महेश कुमार मुंड, जोन चेयरमैन वीर नागरमल जांगिड़, सीकर केंद्र चेयरमैन वीर सुभाष मिश्रा, सचिव वीर राजेंद्र पहाड़िया, कोषाध्यक्ष वीर सीए दिनेश अग्रवाल, वीरा सन्नू मोदी, वीरा किरण खेतान, वीरा संगीता पहाड़िया, वीरा कुसुम अग्रवाल, वीरा शालू मोदी, वीरा नीलम मिश्रा, वीरा अंजू अग्रवाल, वीरा भावना मोदी, वीरा चंदा गोयल, वीरा हेमा अग्रवाल, वीरा करिश्मा शर्मा, वीरा मनीष झाझुका, वीरा मंजू लोहिया, वीरा पूनम बजाज, वीरा रजनी गोयल, वीरा साधना सेठी, वीरा संगीता खेतान, वीरा सविता अग्रवाल, वीरा तुलसी अग्रवाल, वीरा शिवानी तिवाड़ी, वीरा पूजा चौधरी, वीरा संतरा देवी, वीरा खुशबू गुप्ता, वीरा मंजू पंसारी, वीरा उर्मिला खेतान आदि महिलाएं उपस्थित रही।


केंद्र का गठन किया गया

# रीजन-3

## अजमेर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 325 मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपत मल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया। केंद्र द्वारा संचालित मेडिकल उपकरण का मरीजों के परिजन की मांग पर वीर प्रेम कुमार जैन द्वारा बताए अनुसार घर पर उपयोग हेतु 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक उपलब्ध कराए गए उपकरण जैसे सर्जिकल बेड 47, पोट्टी चेयर 4, व्हीलचेयर 16, ऑक्सीजन सिलेंडर 20, वॉकर 13, एयर बेड-वाटर बेड 5,



भोजन वितरण कार्यक्रम

मैट्रिक्स 15, स्टिक्स 6, अन्य उपकरण 7, इस प्रकार इस माह में कुल 133 उपकरण विभिन्न व्यक्तियों को उपयोग हेतु दिए गए। अब तक कुल 6185 मरीजों को इन उपकरणों से लाभ पहुंचाया जा चुका हैं। 22 दिसंबर को वीरा सुशीला जैन पत्नी ट्रस्टी वीर पदमचंद जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक माह का कबूतरों, चिड़ियों के लिए मक्का, ज्वार, बाजरा उपलब्ध कराया गया। केंद्र को महावीर इंटरनेशनल दिल्ली की ओर से मोबाइल केयर वैन एम्बुलेंस, विजन ड्रम, ट्रायल लेंस सेट, डायरेक्ट ऑफ ऑल माइक्रोस्कोप, ऑटो रिफ्लक्टो मीटर, नॉन कांटेक्ट टोनोमीटर प्रदान किए गए। इस हेतु केंद्र एवं दिल्ली केंद्र ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये। 4 जनवरी को जीवदया कार्यक्रम के अंतर्गत वीर राजू रांका ब्यावर द्वारा पंचशील नगर, लोहागल रोड, नगर निगम काजी हाउस में स्थित गौशाला में सुबह गायों को हरा चारा खिलाया गया। 14 जनवरी को डॉ. के.एम. गोयल एवं धर्मपत्नी डॉ. ललिता गोयल के द्वारा मकर संक्रांति के पर्व पर कबूतर शालाओं में पक्षियों को अनाज एवं गायों को चारा डाला गया साथ ही जरूरतमंद को कपड़े एवं कम्बल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में परिवार के साथ वीर प्रेम कुमार जैन का सहयोग रहा। 15 जनवरी को आई.पी. एफ. राजस्थान काउंसिल ऑफ दुबई के सदस्य श्री केसर मल जी कोठारी के द्वारा अजमेर जिले के बांदनवाड़ा में 70 कम्बल श्री सुरेंद्र बोहरा

व मनोज जी की उपस्थिति में, जमोला में 60 कम्बल सरपंच श्री नरेंद्र सिंह राठौड़ व श्रीमती रेणु कुड़िया प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में, 80 कम्बल सतावड़िया में श्री गोपाल लखारा व हरिराम की उपस्थिति में, जालिया में श्री सुडान सिंह कोठारी जी की पुण्यतिथि स्मृति में उनके पुत्र विमल चंद्र कोठारी एवं समुंद्र सिंह कोठारी जो केसरीमल जी कोठारी के द्वारा 240 कम्बलों का वितरण एवं मसूदा में 180 कम्बल श्री संजय नाहर, श्री जीतू धांध, सुनील कोठारी की उपस्थिति में, इस प्रकार कुल 630 कम्बलों का वितरण का किया। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का सर्दी से बचाव हो सके। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र
## आवश्यक मीटिंग का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा एक आवश्यक मीटिंग जैन स्कुल पलटन गेट के प्रांगण में गवर्निंग कौंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाडिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम महावीर प्रार्थना का वाचन किया गया। तत्पश्चात केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार



आवश्यक मीटिंग का आयोजन

गोयल ने बताया कि संस्था के एम.आई.एफ. मेम्बर बनने वाले वीर कैलाश पाडया, वीर रतनलाल मेघवाल, वीर सुभाष पहाडिया का तिलक, माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सचिव वीर अजित पहाडिया ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल सस्थां का 30वां अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन 4/5 जनवरी को मोतियो की नगरी हैदराबाद की धरा पर स्वर्ण जयंती अधिवेशन सीताडील होटल एण्ड कनिवेशन एयरपोर्ट रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें केंद्र से 17 वीर-वीरा सदस्यों ने भाग लिया।

## महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र
## कम्बल, टोपी, फीनी वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र** द्वारा मकर संक्रांति पर सेवाकार्य के तहत पुराने बस स्टैंड पर मजदूर चौक पर



कम्बल, टोपी, फीनी वितरण कार्यक्रम

सभी उपस्थित जन को दामोदर लालजी, गोपाल लालजी झंवर परिवार द्वारा अन्नपुर्णा रसोई में 150 जरुरतमंद को भोजन कराया गया साथ ही मजदूर चौक बस स्टैंड पर आम जन को तिल लडडू वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजित पहाडिया, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर अशोक अजमेरा, वीर सम्पत बगडिया, वीर प्रदीप पकंज काला, वीर सुभाष गंगवाल, वीर रतनलाल मेघवाल, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा सरोज पाटनी, कोषाध्यक्ष वीरा मंजू-पंकज बडजात्या, वीर राजकुमार अग्रवाल ने वितरण कर सभी को मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी। कनोई पार्क में कडाके की ठण्ड में जरुरतमंद 20 महिलाओं को कम्बल, टोपी, फीनी दी गयी।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर
## पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर**



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

द्वारा 19 दिसम्बर को तेजा चौक आंगनवाड़ी में वीरा कल्पना कांसवा के आर्थिक सहयोग से यशोदा परियोजना के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट (मूंग की दाल 250 ग्राम, मूंग का मोगर 250 ग्राम, दलिया 500 ग्राम, पोहा 500 ग्राम, चावल 1 किलो, सूजी 500 ग्राम, रोस्टेड चना 200 ग्राम, साबुत मूंग 250 ग्राम, बादाम 250 ग्राम, बिस्कुट पैकेट, आंवला कैंडी) प्रदान किए गए। कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीरा कल्पना कांसवा एवं सचिव वीरा मिलन जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड़
## लडडू वितरण कार्यक्रम

महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड़ द्वारा भीषण सर्दी को देखते हुए कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जरूरतमंद महिलाओं को कम्बल दिए गए। जिसमें सभी वीराओं का सहयोग रहा। केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू लता भंडारी ने सभी वीराओं का आभार व्यक्त किया तथा सर्दियों में समय-समय पर सभी को सहयोग के लिए प्रेरित किया। सचिव



लडडू वितरण कार्यक्रम

वीरा शांति मुणोत ने सभी वीराओं को धन्यवाद दिया। केंद्र ने आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए कार्यक्रम रखा। वीरा मंजूलता भंडारी ने छोटे-छोटे बच्चों को लडडू वितरित किए। इन अवसरों पर वीरा मंजू लता भंडारी, वीरा अंजू अग्रवाल, वीरा लक्ष्मी सोनी, वीरा निर्मला बोथरा, वीरा रंजन सोनी आदि वीरायें उपस्थित रही।

## भीलवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा
### विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 20 दिसंबर को जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटोड़ के सानिध्य में ट्रस्टी वीरा बलवीर देवी चोरड़िया के सुपुत्र अजय जी चोरड़िया के जन्म दिवस पर अलग-अलग स्थानों पर सेवा कार्य किए गए जिसमें सर्व मंगल संस्थान में कार्यरत 245 लोगों को भोजन दुकान पर कार्य करने वाले 20 लोगों को नाश्ता व आसपास वालों को सहयोग किया। 23 दिसंबर को ने डायरेक्टर वीरा अर्चना सोनी के सानिध्य में वीरा निशा



**10 किलो आटे के पैकेट्स का वितरण**

सोनी के सहयोग से रामधाम में 31,000 रुपयों की राशि प्रयागराज कुंभ मेले हेतु मंदिर में दी गई। 5 जनवरी को अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना को अवार्ड देकर सम्मानित किया व जोन सचिव चंद्रा रांका को बेस्ट सचिव का प्रथम अवार्ड से सम्मानित किया, केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू बापना को बेस्ट अध्यक्ष के प्रथम अवार्ड से सम्मानित किया गया व सचिव वीरा कला कुदाल को सर्वश्रेष्ठ रिपोर्ट का अवार्ड व सेवा कार्यों के लिए अवार्ड से सम्मानित किया गया। 10 जनवरी को परमानेंट प्रोजेक्ट के तहत वीरा उषा डोसी के सहयोग से 10 निर्धन व असहाय महिलाओं को 10-10 किलो आटे के पैकेट दिए गए। इन अवसरों पर केंद्र की वीरायें उपस्थित रही।

### महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा
### स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा ठिठुरन भरी सर्दी में कोई विद्यार्थी ठिठुरने



**स्वेटर वितरण कार्यक्रम**

न पाए इस पुनीत उद्देश्य से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ा महुआ में पूर्व चेयरपर्सन वीरा सुशीला आंचलिया की अभिप्रेरणा से स्वेटर वितरण कार्यक्रम किया गया और 50 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता देखकर मन को बहुत सुकून मिला। केंद्र सचिव वीरा ललिता जैन ने बालिकाओं को अनुशासन मय जीवन वीरा सरिता ने समय का सदुपयोग और संग्राम सिंह जी ने स्व-अध्ययन की प्रेरणा दी। स्कूल के प्रिंसिपल जग जितेन्द्र सिंह जी और स्टॉफ ने केंद्र का आभार प्रकट किया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष वीरा हंसा छाजेड़, उपाध्यक्ष वीरा चंचल जैन, कोषाध्यक्ष वीरा सुशीला लोढ़ा, वीरा रेखा सुराणा व स्थानीय विद्यालय की आशा खारीवाल एवं समस्त स्टॉफ का अमूल्य योगदान रहा।

### महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा
### मकर संक्रांति पर्व एवं पारंपरिक खेलों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 13 जनवरी को पारंपरिक खेलों एवं हर्षोल्लास के साथ मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण बाफना ने विभिन्न प्रकार के खेल का आनंद लेते हुए बताया कि मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं इसलिए मकर संक्रांति मनाई जाती हैं यह दिन पूर्ण रूप से भगवान सूर्य को समर्पित हैं। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान पुण्य और तिल के लडडू, खिचड़ी खाने और दान करने की परंपरा हैं। उपाध्यक्ष वीरा ज्योति टिकलिया, सहमंत्री वीरा दीपिका पाटनी, सह-कोषाध्यक्ष वीरा सपना जैन ने सभी को पारंपरिक खेलों का महत्व समझाते हुए विभिन्न प्रकार के खेल सितोलिया, गिल्ली डण्डा, बैडमिंटन आदि खेल खिलाए एवं विभिन्न प्रकार के खेलों में विजेता रही बहनों में वीरा रेखा शर्मा, वीरा सुशीला पिपाड़ा, वीरा अंकिता सहलोत, वीरा मीना साँखला, वीरा पूर्णिमा बम्ब, वीरा वंदना पालीवाल, वीरा मीनाक्षी खमेशरा, वीरा



**मकर संक्रांति पर्व एवं पारंपरिक खेलों का आयोजन**

प्रीति सिंगावत, वीरा सुमता जैन को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में निर्वाण पीपाड़ा, काव्य टिकलिया, रिद्धिमा सहलोत, आश्वी सहलोत्त, रिवान सिंह, रिताशा सिंह, शौर्य वैष्णव, दिवा जैन, नमन जैन, यसराज जैन विजेता रहे। हर्षोल्लास के इस त्यौहार में कार्यकारिणी सदस्य वीरा सुमता जैन, वीरा प्रीति

सिंघावत ने सभी को कुमकुम तिलक करके स्वागत किया। वीरा पूजा जैन, वीरा शीतल, वीरा पिंकी सोनी, वीरा वर्षा जैन, वीरा आशा खमेशरा, वीरा मोनिका खारीवाल, वीरा चाँदनी वैष्णव सभी ने एक दूसरे को तिल के लडडू खिलाते हुए गुड की मिठास के साथ मकर संक्रांति की सभी को शुभकामनाएं दी। इस सफल कार्यक्रम में संस्था की सदस्य वीरा दिव्यम जैन का विशेष सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल संकल्प केंद्र भीलवाड़ा
## नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल संकल्प केंद्र भीलवाड़ा व लायंस क्लब रूबी भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में** अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना, जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटवड़,



**नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन**

गवर्निंग काउंसिल वीर हेमंत कोठारी, ट्रस्टी वीरा बलवीर चोरड़िया, वीरा पुष्पा मेहता के सानिध्य में जोन सचिव वीरा चंद्रा रांका व पुत्र विक्रम रांका, अर्पित रांका द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्री लक्ष्मी लाल जी रांका की 6वीं पुण्य तिथि के अवसर पर 22 दिसंबर को माहेश्वरी भवन, कारोई में विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से ज्यादा मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ। सह-सचिव व शिविर संयोजिका वीर नीतू रांका द्वारा मरीजों के लिए व्यवस्थित रूप से चेकअप व चाय नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई। यह शिविर लॉयन्स आई हॉस्पिटल, भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उन लोगों को नेत्र चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था, जो महंगे इलाज का खर्च नहीं उठा सकते। शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम ने लोगों की आंखों की जांच की। मरीजों को नि:शुल्क परामर्श, दवाईयां और चश्में वितरित किए गए। जिन मरीजों को मोतियाबिंद या अन्य नेत्र शल्य चिकित्सा की आवश्यकता थी, उन्हें शिविर के माध्यम से अस्पताल में नि:शुल्क सर्जरी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस शिविर में कई मरीजों को तुरंत राहत मिली, जबकि कुछ को लंबे इलाज के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वृद्धजनों ने विशेष रूप से इस पहल की सराहना की, क्योंकि मोतियाबिंद जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को राहत मिली। केंद्र की सचिव मंजुला कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर न केवल जरूरतमंदों के लिए एक वरदान साबित हुआ, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी माध्यम बना। शिविर में केंद्र कोषाध्यक्ष वीरा मीना दुगड़, मीरा केंद्र सदस्य वीरा लीला कोठारी व सदस्य वीरा पुष्पा पामेचा, वीरा मीना बाबेल, वीरा मंजू मारू आदि सभी ने शिविर की व्यवस्था व कार्य में सराहनीय योगदान दिया।

# बिजयनगर-ब्यावर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर** द्वारा 16 नवंबर को अपेक्स से प्राप्त छाता एक गरीब खिलौने बेचने वाले को वितरित किया गया जिससे वह धूप एवं बारिश से बच सकेगा एवं अपना काम ठीक से कर सकेगा। 19 नवंबर को 2 चिकित्सा शिविर अलग अलग समय पर रखे गए प्रथम हृदय रोग शिविर जिसमें फोर्टिस के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विनी शर्मा द्वारा 20 मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। द्वितीय शाम को जोधपुर के स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 30 मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। 2 दिसंबर को एक विशाल घुटने रोग परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें अहमदाबाद के वरिष्ठ घुटने रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु माथुर ने 25 मरीजों को परामर्श प्रदान किया। 3 दिसंबर को एक नि:शुल्क हड्डी एवं स्पाइन रोग परामर्श शिविर लगाया गया



**दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन**

जिसमें जोधपुर के वरिष्ठ डॉ. पंकज जिंदल ने 30 मरीजों को परामर्श प्रदान किया। 15 दिसंबर को संस्था की साधारण सभा की गई। केंद्र के द्वारा अमृतकौर चिकित्सालय में एक डॉक्टर रूम को कलर कराया जाएगा जिस पर केंद्र का नाम लिखा जाएगा। 17 दिसंबर को महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र पर एक विशाल नि:शुल्क हड्डी एवं स्पाइन रोग परामर्श शिविर लगाया गया। वीर सुशील छाजेड़ के अनुसार इस शिविर में जोधपुर के प्रसिद्ध रीड की हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 25 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया गया इस शिविर में डॉ. निशा खींचा एवं जिनेन्द्र खींचा द्वारा नि:शुल्क फिजियोथैरेपी की गई एवं मरीजों को सिखाई गई। 22 दिसंबर को सेवा कार्य की कड़ी में केंद्र सचिव वीर आशीष डोसी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर तिजारती चौंबर गौशाला में गौमाता को एक गाड़ी चारा एवं एक कार्टून गुड खिलाया गया। 24 दिसंबर को राज उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा कॉलोनी में बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। संस्था संरक्षक वीर सुशील छाजेड़ ने बताया कि पर्यावरण को बचाना हैं तो हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना हैं। जिसमें पॉलीथिन का प्रयोग, टी-कप, प्लास्टिक आइटम सीगल यूज का प्रयोग नहीं करे। इनके स्थान पर हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हैं और पर्यावरण को शुद्ध रखना हैं आदि पर विचार प्रकट किए। केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश रांका ने

पर्यावरण पर अपने विचार रखे अंत में सभी बच्चों को कपड़े की थैली, पैन एवं बिस्कुट का पैकेट वितरण किया गया। स्कूल प्रधानाध्यापक श्री मोहन सिंह जी ने भी पर्यावरण पर विचार रखे इस कार्य के लिए अंत में संस्था को धन्यवाद दिया। 30 दिसंबर को भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं हेमचंद जी, सुनील कुमार जी, अनिल कुमार जी, मुकेश कुमार जी सिंघवी, सिंघवी कटपिस के सहयोग से दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर संपन्न हुआ। शिविर में 5 विकलांग को ट्राई साइकिल, 10 विकलांग को व्हीलचेयर, 8 छड़ी का वितरण किया गया। उक्त अवसरों पर संस्था संरक्षक वीर सुशील छाजेड़, चेयरमैन वीर सुरेश रांका, सचिव वीर आशीष डोसी, कोषाध्यक्ष वीर विनय बोहरा, सह सचिव वीर संजय चोरड़िया, मीडिया प्रभारी वीर नंद किशोर राठी, वीर शैलेश खींचा, वीर दलपत बोहरा, वीर बसंत बोहरा, वीर सुनील संचेती, वीर मनोज गोयल, वीर अंकित कावड़िया, वीर अश्विन नाहर, वीर हेमचंद सिंघवी, वीर प्रकाश मकाना, वीर नरेश बंसल, वीर शैलेन्द्र खींचा, वीर बसंत बोहरा, वीर गणेश पीपाड़ा, वीरा नीलम चोरड़िया, वीर नरेंद्र डोसी आदि सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र** द्वारा 16 दिसंबर को गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेवाड़ी गेट के बहार कच्ची बस्ती में 50 महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। 18 दिसंबर को 'सर्दी सुरक्षा अभियान' एवं 'कपड़े की थैली-मेरी सहेली' के अंर्तगत ब्यावर जिला कलेक्टर श्री महेंद्र जी खड़गावत द्वारा बांटे जाने वाले कम्बल, ऊनी टोपी, विभिन्न राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बांटे जाने वाले स्वेटर और कपड़े की थैली का विमोचन किया गया। केंद्र द्वारा जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत का माल्यार्पण एवं भगवान महावीर की फोटो भेंट कर स्वागत किया गया। 19 एवं 25 दिसंबर को वृद्धाश्रम में 100 व्यक्तियों को भोजन





ऊनी कम्बल एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

करवाया गया। साथ ही 50 लोगों को ऊनी कम्बल एवं गर्म टोपों का वितरण किया गया। 20 दिसंबर को सूरज भवन में सामान्य सभा का आयोजन किया गया। विभिन्न तिथियों पर ब्यावर रेलवे स्टेशन के पास, कृष्णा मिल से बस स्टैंड, महादेव जीवदया फाउंडेशन गिरी ग्राम एवं सेंदडा रोड चुंगी नाका से अजमेर रोड चुंगी पर सर्दी सुरक्षा अभियान के तहत कम्बल एवं टोपे वितरण का वितरण किया गया। कार्यक्रमों में 65 लोग लाभान्वित हुए। 23 दिसंबर को सर्व जीव चिकित्सालय, वन्दे गौमातरम चेरिटेबल ट्रस्ट में गायों एवं जीवों की सर्दी से सुरक्षा हेतू कम्बल भेंट किए गए। केंद्र द्वारा विभिन्न तिथियों पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नुन्द्री मालदेव, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ी थोरियांन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लसाड़िया एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कुशालपुरा बलाड़ में 258 बच्चों को स्वेटर एवं ऊनी टोपी का वितरण किया गया। 31 दिसंबर को आयोजित नववर्ष वर्ष पर आयोजित स्नेह मिलन पर चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा एवं सचिव वीर रूपेश कोठारी और महावीर इंटरनेशनल युनिक केंद्र, ब्यावर द्वारा आयोजित चार्टर डे सेलिब्रेशन कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष वीर अभिषेक नाहटा एवं सहसचिव वीर योगेन्द्र मेहता सम्मिलित हुए। 4 जनवरी को श्री पार्श्व नाकोड़ा मित्र मण्डल द्वारा ब्यावर से नाकोड़ा जी तीर्थ तक आयोजित पैदल यात्रा के शुभारम्भ पर सदस्यों द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया। 10 जनवरी को जीवाणा गांव एवं धूलिया गांव में 42 लोगों को कम्बल वितरित किए गए। 12 जनवरी को ब्यावर शहर में किये गये पथ संचालन का सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। 14 जनवरी को जीव दया सेवा संस्थान ब्यावर के सहयोग से एक जीव चिकित्सा कैम्प की स्थापना कर पतंगों के मांझे से घायल हुये कबूतर आदि पक्षियों के उपचार का कार्य किया गया। साथ ही जिला कलेक्टर कार्यालय में 20 कम्बल भेंट किए गए। कार्यक्रमों में चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा, कोषाध्यक्ष वीर अभिषेक नाहटा, सहसचिव वीर योगेन्द्र मेहता, वीर ब्रह्मानन्द धाम, वीर गणपत सराफ, वीर दिलीप दक, वीर बाबुलाल आच्छा, वीर अक्षय बिनायकिया, वीर पुष्पेन्द्र चौधरी, वीर सुरेन्द्र रांका, वीर रुपेश कोठारी, वीर प्रदीप मकाना, वीर राहुल बाबेल, वीर राजेश सुराणा, वीर रवि बोहरा, वीर वीरेश सांखला, वीरा सनाया, वीरा लाव्या, वीर अशोक कोठारी, वीरा रूपा कोठारी, वीर जितेंद्र धारीवाल, वीरा पूजा कोठारी, आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र
## जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल युवा ब्यावर केंद्र** द्वारा सेवा कार्य हेतु समर्पित संस्था द्वारा संचालित सर्दी सुरक्षा अभियान के तहत अजमेर रोड़ स्थित वंदे गौ मातरम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सर्वजीव हॉस्पिटल में संस्था द्वारा बीमार व घायल गौमाता और नंदी बाबा के लिए 50 कम्बल दान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया गया। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा ने सर्वजीव हॉस्पिटल का अवलोकन कर गौ भक्तों की सेवा को सराहते हुए ट्रस्ट को आश्वासन दिया कि जब भी उन्हें संस्था की आवश्यकता हो सभी सदस्य तन-मन-धन से उनके साथ खड़े मिलेंगे। 20 दिसंबर को वीर निखिल माहेश्वरी के मातुश्री श्रीमती मंजू

लता के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री तिजारती गौशाला, ब्यावर (सतपुलिया के पास, मसूदा रोड) में हरे चारे एवं गुड से गौ सेवा की गई एवं पक्षियों को भी दाना डाला गया। इस अवसर पर वीर अशोक पालडेचा, वीर अभिषेक




**जीवदया सेवा कार्यक्रम**

नाहटा, वीर दिलीप दक, वीर पुष्पेन्द्र चौधरी, वीर निखिल जिंदल, वीर राजेश राका, वीर लव नामा, वीर त्रिलोक अग्रवाल, वीर निखिल माहेश्वरी, वीर अनुपम रूनीवाल, वीर अमित बंसल, वीर शैलेश शर्मा, वीर प्रदीप मकाना, वीर पंकज दक, वीर मुकेश बाफना, वीर आयुष, वीर जितेन्द्र धारीवाल, वीर भवानी सोलंकी, वीर दीपक रांकावत आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## चित्तौड़गढ़ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र

### विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र** द्वारा 19 दिसंबर को जीवदया सेवा प्रकल्प की श्रृंखला के तहत वीर प्रकाश दरडा के 68वें जन्मदिवस के सुखद उपलक्ष्य में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि दरडा एवं परिवारजन अमित, श्रीमती सुमन, श्रीमती प्रेक्षा के सौजन्य से जीव दया के कुछ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत पन्नाधाय पार्क, खातर महल, गांधी चौक कबूतर खाना एवं खरडीया महादेव में पक्षियों के लिए दाने की व्यवस्था की गई जबकि गांधीनगर स्थित गौशाला में गायों के लिए चारा वितरण किया गया। सांवलिया चिकित्सालय स्थित भोजनशाला में 95 व्यक्तियों के खाने का प्रबंध किया गया। 22 दिसंबर को केंद्र एवं लायंस क्लब द्वारा प्रतापनगर निवासी श्रीमती संतोष कौर धर्मपत्नि सरदार सरपाल सिंह मुच्छल के आकस्मिक निधन होने पर उनके परिवारजन की इच्छानुसार एवं अलीगढ़ में कार्यरत भतीजी डॉ. पुनीता गर्ग की प्रेरणा से अन्य परिवारजन की उपस्थिति में महावीर इंटरनेशनल के नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी नवनीत मोदी एवं प्रकाश पोखरना के माध्यम से संस्था केंद्र चेयरमैन वीर अभय संजेती, सचिव वीर सी.पी. जैन, लायंस क्लब के






**निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन**

अध्यक्ष बसंती लाल वेद, सचिव सत्य नारायण बंसल की मोजुदगी में नेत्रदान संपन्न करवाया। 24 एवं 26 दिसंबर को गैल इंडिया की CSR गतिविधियों के तहत महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल हेल्थ केयर चैरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय घाघसा एवं महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय ओछड़ी में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के नेत्र परिक्षण: 523, नेत्र परीक्षण: 777, निःशुल्क दवाईयां: 80, चश्में: 49, रक्तचाप की जांच: 149, ब्लड शुगर की जांच: 140, स्वास्थ्य परीक्षण: 101, सीबीसी टेस्ट: 110, कुल ओपीडी: 1277 एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित: 72 किए गए। ट्रस्टी वीर पारस बापना द्वारा जरूरमंद ग्रामीण वासियों एवं माताजी की पांडोली की कच्ची बस्तियों में सर्दी से बचाव के लिए 100 कम्बल भी वितरित किए गए। 7 जनवरी को स्वर्गीय श्रीमती संतोष देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय रतनलाल जी तलेसरा की प्रथम पुण्यतिथि पर तलेसरा परिवार के सौजन्य से पन्नाधाय पार्क, खातर महल, गांधी चौक कबूतर खाना एवं खरडीया महादेव में पक्षियों के लिए दाने एवं गंभीरी नदी की मछलियों के लिए सूखे आहार की व्यवस्था की गई जबकि गांधीनगर स्थित गौशाला में गायों के लिए चारा वितरण किया गया। सांवलिया चिकित्सालय स्थित भोजनशाला में 96 व्यक्तियों के खाने का प्रबंध किया गया। 10 से 14 जनवरी तक वंडर सीमेंट में पांच दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का शुभारम्भ वंडर सीमेंट लि. के यूनिट हेड श्री नितिन जैन एवं केंद्र चेयरमैन वीर अभय कुमार संचेती द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर नेत्रदान को प्रोत्साहन देने हेतु पोस्टर का विमोचन भी किया गया। 15 जनवरी को प्रतापनगर निवासी श्रीमती रतन देवी धर्मपत्नि स्वर्गीय रोशन लाल जी चंडालिया के जैन धार्मिक परम्परा संथारा सीजने के पश्चात् आकस्मिक निधन होने पर उनके परिवारजन की उपस्थिति पर नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी नवनीत मोदी एवं प्रकाश पोखरना के माध्यम से केंद्र वीर पारस पोखरना, वीर अनिल पोखरना, केंद्र चेयरमैन



वीर अभय संजेती की मोजुदगी में कॉर्निया का उत्सर्जन कर नेत्रदान संपन्न करवाया। दोनो कॉर्निया आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान जयपुर को भेजे गए। इन अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र
## सम्मानित करते हुए

**महावीर इंटरनेशनल छोटीसादड़ी केंद्र** को गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा सम्मानित किया



सम्मानित करते हुए

गया। श्री सोभाग्य सिंह जी मेहता के जन्मदिन पर एक ट्रॉली हरी घास जैन गौशाला चेनपुरा में गायों को खिलाया गया।

## महावीर इंटरनेशनल बानसेन केंद्र
## जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बानसेन केंद्र** द्वारा समस्त ग्रामवासियों की ओर से मकर संक्रांति के पर्व



जीवदया सेवा कार्यक्रम

पर 14 जनवरी को गायों को हरी घास व गुड खिलाया गया जिसमें केंद्र चेयरमैन वीर अशोक कुमार बोहरा, सचिव वीर नरेश लडढा, वीर उदय लाल खटीक, वीर शंभू लाल जाट, वीर कैलाश चंद्र नाहर, वीर अम्बा लाल लोढ़ा का विशेष योगदान रहा।

## महावीर इंटरनेशनल भीमगढ़ केंद्र
## स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल भीमगढ़ केंद्र** द्वारा 24 दिसंबर को उच्च माध्यमिक विद्यालय व महात्मा



स्वेटर वितरण कार्यक्रम

गांधी विद्यालय में गरीब छात्र-छात्राओं को क्रिप्स स्वेटर वितरण किए गए।

## महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़
## स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल देशना वीरा केंद्र चित्तौड़गढ़** द्वारा यह कंपकंपाती ठंड बच्चों की शिक्षा में बाधा ना बने इसके लिए 17 दिसंबर को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कीर खेड़ा में 68 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। केंद्र सचिव वीरा विनीता जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ किया तथा बच्चों को दान का महत्व समझाया।




स्वेटर वितरण कार्यक्रम

तत्पश्चात विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। वीरा रेखा डांगी, वीरा रेखा नाहर, वीरा प्रमिला बोहरा, वीरा जय श्री कुदाल, वीरा रितु काला, वीरा नगीना मेहता, वीरा अंगूरबाला भड़क्त्या ने स्वेटर वितरण में सहयोग किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती मोहना शर्मा, ममता चारण, मीना मीणा, सुनीता सोनी, हेमा सारस्वत, शिवांगी राठौड़, रतनलाल जी गुर्जर उपस्थित रहे।

# रीजन-4

## डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर-बांसवाड़ा केंद्र पर्यावरण संरक्षण पोस्टर का विमोचन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर-बांसवाड़ा केंद्र** द्वारा जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन के सहयोग से डूंगरपुर जिले के निजी स्कूलों के 50 प्रिन्सिपल/निदेशकों की बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से पर्यावरण संरक्षण पोस्टर का विमोचन करवाया गया।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर एवं एक दिवसीय अस्थि रोग जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र** द्वारा महावीर प्रवाह पुस्तक डॉ. सौरभ अग्रवाल अमेरिकन हॉस्पिटल उदयपुर को कैम्प के दौरान केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन, जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, वीर संजय गांधी, वीर अविचल कोटडीया, वीर केशू भाई नागदा, वीर अभिषेक कोटडीया ने सप्रेम भेंट की गयी। 28 दिसंबर को दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर एवं एक दिवसीय अस्थि रोग जांच शिविर रोग निदान केंद्र पर आयोजित किया गया। केंद्र चेयरमैन वीर विजय जैन ने बताया कि शिविर में जी. बी.एच. जनरल एवं कैंसर हॉस्पिटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ अग्रवाल ने




**दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर एवं एक दिवसीय अस्थि रोग जांच शिविर का आयोजन**

अपनी सेवाएं प्रदान की। ओ.पी.डी. शिविर में अस्थि रोग से संबंधित 10 मरीजों की जांच की जाकर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मुख्यत: घुटने एवं कमर के दर्द के मरीजों की जांच कर दवाईयों द्वारा उपचार का विमर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर विनोद दोसी, जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन, कोषाध्यक्ष वीर अशोक दोसी, पूर्व चेयरमैन वीर संजय गांधी, जोन कोषाध्यक्ष वीर नीरव जैन, सह सचिव वीर अविचल जैन, पूर्व सचिव वीर हर्षवर्धन जैन, वीर अभिषेक जैन, वीर केसू नागदा आदि भी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बागीदौरा केंद्र मेडिकल कैम्प का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बागीदौरा केंद्र** द्वारा हड्डी रोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अहमदाबाद के डॉ. विजय बंग द्वारा 155 मरीजों की हड्डी सम्बन्धित समस्याओं के निदान हेतु परामर्श दिया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप दोसी, सचिव वीर बसंतकान्त शर्मा व जोन सचिव वीर विनोद चंद्र दोसी ने डॉक्टर का पगड़ी व उपरना पहना कर स्वागत किया। केंद्र एवं डी.एन. शाह किडनी हॉस्पिटल दाहोद के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कैम्प




**मेडिकल कैम्प का आयोजन**

का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. दर्शित शाह ने पथरी, किड्नी, प्रोस्टेट, यूरिन सम्बन्धित बीमारियों की जांच की एवं डॉ. शिवाजी पाटिल ने हृदय, थायराइड, ब्लड प्रेशर, डाइबिटीज रोगों की जांच की एवं मेडिसिन भी दी गई। कैम्प में 154 मरीज लाभान्वित हुए। उद्घाटन में केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप दोसी, जोन सचिव वीर विनोद चंद्र दोसी, सचिव वीर बसंतकान्त शर्मा व वीर केसरीमल मेहता ने डॉक्टरों का उपरना पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविरों में राजेन्द्र मेहता, बसंत सोनी, डॉ. धवल पटेल, डॉ. निखिल सवोत्त, धीरज दोसी, राजेन्द्र दोसी, रमेश भट्ट, दिलीप दोसी, संदीप दोसी, दीपक शाह, लक्ष्मीलाल मेहता, मनीष दोसी का सहयोग प्राप्त हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र वृक्षारोपण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र** द्वारा चेयरमैन वीर सुरेश चंद्र गांधी, आनंदपुरी घाटोल गड़ी परतापुर, कुशलगढ़, सज्जनगढ़ के सभी स्थानीय संघों के सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष आदि की सानिध्य में सुखदेव तीर्थ नसिया में वृक्षारोपण किया गया। वीर सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि केंद्र वर्ष पर्यंत सेवा कार्य करती रहती हैं सेवा कार्यों के अंतर्गत बेबी किट



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

वितरण, रक्तदान शिविरों का आयोजन, मेडिकल कैम्पों का आयोजन, नेत्र जांच शिविर, परिंडा वितरण, विद्यालय में पाठ्य पुस्तक, सर्दियों में स्वेटर वितरण एवं वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। इस अवसर पर श्रीमान दिव्या जी ने कहा कि केंद्र सेवा कार्य में अग्रणी कार्य कर रही हैं एवं स्काउटिंग के साथ भी सहयोग कर सेवा कार्यकारी यह सराहनीय कार्य हैं। इस अवसर पर वीर दिगपाल सिंह, वीर जगजी कटरा, वीर सूरजमल आहारी, वीर प्रेम प्रकाश, वीर ऋतिक सुथार, वीर शबनम शेख, वीर नारायण लाल, वीर रामलाल जी ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन वीर दिनेश चंद्र चरपोटा ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा माही वीरा केंद्र** द्वारा 1 जनवरी को मोक्षधाम में सबमर्सिबल वॉटर मोटर एवं मुख्य द्वार का लोकार्पण नववर्ष के उपलक्ष्य में मोक्षधाम कागदी पिकप वियर पर मोक्षधाम विकास समिति के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि सतत सेवा के अंतर्गत केंद्र द्वारा आज मोक्षधाम में जल आपूर्ति के लिए सबमर्सिबल पंप सिस्टम भेंट किया गया। विशिष्ट अतिथि विनय पंचाल द्वारा उनके पिता स्वर्गीय रमनलाल पंचाल की स्मृति में मोक्षधाम का मुख्य द्वार बनावाया गया। 11 जनवरी को मकर संक्राति पर पक्षी रक्षा का संकल्प और जागरुकता कार्यक्रम राति तलाई में बडे राम द्वारा संत रामप्रकाश जी महाराज सानिध्य में आयोजित किया गया। महाराज जी ने कहा कि कुदरत के संगीत पक्षियों की रक्षा हमारा दायित्व हैं। जीव प्रेमी अनुराग सिंघवी ने चाइनीज माझे का प्रयोग न करने के लिए जागरुकता अभियान पर बल दिया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने सभी को पक्षी रक्षा का संकल्प दिलाया कहा कि हर सुबह 6 से 8 व शाम 5 से 7 पतंग नही उड़ाना, खुले मैदान में उड़ाना, चाइनीज माझे





**सबमर्सिबल वॉटर मोटर एवं मुख्य द्वार का लोकार्पण**

का प्रयोग नही करना आदि बताया। वीरा आशा मित्तल ने संक्रांति पर दान के महत्व को बताते हुए अपने विचार व्यक्त किये। 13 जनवरी को महादेव कॉलोनी में समाज सेवी मनभरी चौधरी और नम्रता सराफ के आतिथ्य में "पोषण की पोटली" कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत बेटी खुशबु तोली जो की धात्री मां हैं, कल्पना निनामा और अंजलि यादव जो गर्भवती हैं को पौष्टिक आहार के रूप में बादाम, काजू, नारियल के गोले (3), दलिया, घी, दाल, मूंगफली, चने, पौहे, बिस्किट, गुड (2kg), मखाने और बेबी किट, प्रसूता केयर किट दिया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि बच्ची को 6 माह का होने तक धात्री व नवजात का ध्यान रखा जाएंगा। इन अवसरो पर केंद्र सचिव वीरा गीता चौधरी, वीरा नम्रता सराफ, वीरा मनभरी चौधरी, वीरा उषा पोरवाल, वीरा विमला कोठारी, वीरा संध्या लोकवानी, वीरा कांता भाटी, वीरा आशा अग्रवाल, वीरा अर्चना नानावटी, वीरा पूनम सोतानी, वीरा रमीला गामोठ, वीरा मंजुला कोठारी आदि वीराओं का सहयोग रहा।

## महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र
## बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा 23 दिसंबर को गरिमा प्रोजेक्ट "झिझक छोडो चुप्पी तोडो खुलकर बोलो" के अंतर्गत विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती डूंगरपुर में छात्राओं को अपेक्स से प्राप्त 100 सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी द्वारा मासिक धर्म व मासिक धर्म के समय रखी जाने वाली साफ सफाई के बारे में जानकारी दी। उपाध्यक्ष



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

वीरा कनकलता जैन ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान एंव मासिक धर्म के समय सावधानी नहीं रखने पर होने वाली बीमारी के बारे में बताया। सचिव वीर पुष्पक जैन ने नैपकिन के उपयोग एवं निस्तारण के बारे में जानकारी दी। 13 जनवरी को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में नवजात शिशुओं की माताओं के लिए भामाशाह द्वारा प्राप्त वस्त्रों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा हर माह नवजात शिशुओं की माताओं को संक्रमण से बचाने के लिए वस्त्र एवं नवजात शिशुओं के लिए बेबी किट का वितरण किया जाता हैं। कार्यक्रमों में सामान्य चिकित्सालय से अनिल निनोमा, सोनिया एंव केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी, सचिव वीरा पुष्पक जैन, उपाध्यक्ष वीरा कनकलता जैन, वीरा ममता भट्ट, कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, वीरा ममता सरैया, वीरा कल्पना वखारिया, वीरा नीलम दोसी, वीरा प्रज्ञा जैन आदि उपस्थित रहे।

# राजसमंद संभाग

## महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र 10 बैंचे लगवाई गई

**महावीर इंटरनेशनल दरीबा केंद्र** द्वारा फलासिया स्कूल में सर्दी को देखते हुए भामाशाह ललितकुमार, गौतमकुमार, शौकीन कुमार बाबेल की ओर से 60 बालक बालिकाओं को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। केंद्र द्वारा महावीर इंटरनेशनल (अपेक्स) स्वर्ण जयंती वर्ष में सेवा प्रकल्प की श्रृंखला में मावली स्थित समिधा बालगृह में अनाथ बच्चों को भामाशाह श्री मिठू लाल जी सुराणा की ओर से भोजन एवं कॉपियां वितरित की गई। केंद्र चेयरमैन वीर प्रकाश सिन्याल की प्रेरणा से भामाशाह स्वर्गीय चांदी बाई/स्वर्गीय भगवान लाल जी, स्वर्गीय कैलाश चंद्र रेगर की स्मृति में पुष्पा देवी/भूरा लाल च. महेंद्र कृष्णकांत रेगर (पलिया) में 3 बैंच, श्री अन्नपूर्णा इलेक्ट्रिक एंड हार्डवेयर दरीबा द्वारा 2 बैंच, स्वर्गीय बाली बाई रेगर/स्वर्गीय नारायण लाल जी की स्मृति में मोहन लाल रेगर द्वारा 2 बैंच, स्वर्गीय श्री पूरणदास जी वैष्णव की स्मृति में 1 बैंच, स्वर्गीय रतन देवी वागरेचा की 14वीं पुण्यतिथि पर शांतिलाल जी वागरेचा द आकाश ऑटो पार्ट्स दरीबा द्वारा 1 बैंच, नानी श्री संस्थान, मेहंदुरिया के सौजन्य से 1 बैंच लगवाई गयी। केंद्र वीर ओम वैष्णव के जन्मदिवस पर मूक बधिरों के लिए हरी घास और गुड तुलसी गौ सेवा समिति रेलमंगरा पर बर्थ डे केक काटकर मनाया गया। इन अवसरों पर रीजन 4 सचिव वीर अनिल सिंघवी, जोन सचिव वीर निर्मल सिंघवी, डिप्टी डायरेक्टर वीर विजय सिंह सुराणा, संस्था सचिव वीर रवि कुमठ, उपाध्यक्ष वीर जयेश गोखरू, वीर नीरज मेहता, वीर आकाश जैन, वीर विजय सिंह सुराणा, वीर विनोद सुराणा, वीरा सीमा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।



**10 बैंचे लगवाई गई**

## महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल केलवा केंद्र** द्वारा 16 दिसंबर को सोहनलाल राजेंद्र कोठारी के सहयोग से केलवा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में सर्दी से बचाव के लिए 60 ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर महेंद्र कोठारी,



स्वेटर वितरण कार्यक्रम

केंद्र चेयरमैन वीर सुरेश सांखला, सचिव वीर प्रकाश चपलोत, वीर राजेंद्र कोठारी, वीर अनिल कोठारी, वीर रमेश चपलोत, प्रधानध्यापिका गिरजा शर्मा, संतोष शर्मा, राजेश्वरी कुशवाह, रेखा पुरबिया, कविता, राज राठौड़, कमलदीप व कई अध्यापक-अध्यापिकायें उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र** द्वारा 9 जनवरी को वात्सल्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय चिकित्सालय में लेबर रूम में नवजात शिशुओं को इन्फेक्शन से बचाव हेतु 50 बेबी किट डॉ. प्राची, डॉ. विष्णु व नर्सिंग स्टॉफ की उपस्थिति में भेंट किए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत नियमित जांच करवाने आई 50 गर्भवती महिलाओं को गुड़, गोला एवं चने प्रदान करते हुए पौष्टिक आहार से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। साथ ही प्रसूताओं को 50 सेनेटरी नैपकिन के पैकेट प्रदान करते हुए उन्हें माहवारी सुरक्षा के



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जोन चेयरमैन वीर संपत लाल लोढ़ा, केंद्र चेयरपर्सन वीरा अरुणा जैन, सचिव वीरा अर्चना अग्रवाल, सदस्य वीर राजेश मारवाड़ी, वीर बृजेंद्र अग्रवाल, वीरा रेखा चोरड़िया, डॉ. प्राची, डॉ. विष्णु, सिस्टर कृष्णा एवं नर्सिंग स्टॉफ ने बहुत उत्साह से सहयोग प्रदान किया।

## महावीर इंटरनेशनल वर्धमान कांकरोली केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वर्धमान कांकरोली केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यो में बढ़ती सर्दी को



स्वेटर वितरण कार्यक्रम

देखते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगामा में 73 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर नवीन चोरड़िया, वीर राकेश डांगी, वीर अक्षय हिंगड़, वीर ज्ञानचंद हिंगड़, वीर अनिल सियाल, वीर राकेश टुकलिया, वीर गौरव पिछोलिया, वीर निलेश पगारिया, वीरा मिताली सिसोदिया, वीरा निधि चोरड़िया एवं विद्यालय से प्रधानाध्यापक मुकेश साँचियर, हितेश शर्मा, कल्पना चौहान उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा केंद्र आमेट स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा केंद्र आमेट** द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय (गांगागुडा) में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसके प्रायोजक ललित कुमार जी सुदीप कुमार जी छाजेड़ की तरफ से 36



स्वेटर वितरण कार्यक्रम

बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए। इसमें बच्चों को पर्यावरण शुद्धता के बारे में बताते हुए स्वच्छता अभियान तहत साफ सफाई के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन वीरा मनीषा छाजेड़, सचिव वीरा मनीषा डांगी, वीरा निर्मला मेहता, वीरा निर्मला कोठरी, वीरा सुमिता चोरड़िया, वीरा संगीता चंडालिया, वीरा सायर देवी पामेचा, वीरा अनिता छाजेड़, वीरा मंजुदेवी हिरण आदि सदस्या सहित विद्यालय के शिक्षक पवन माहेश्वरी व सुरभि आचार्या एवं स्कूल स्टॉफ आदि के नेतृत्व में यह कार्य सम्पूर्ण किया गया। स्कूल स्टॉफ के सहयोग के लिए बहुत-बहुत आभार भी व्यक्त किया एवं उन्होंने भी संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला राजसमंद केंद्र** द्वारा वीरा तारा पगारिया, वीरा मधु शोभावत, वीरा पुष्पा मालू, वीरा टीना सियांल एवं वीरा चंद्रकांता संचेती की उपस्थिति में राजकीय




**स्वेटर वितरण कार्यक्रम**

प्राथमिक विद्यालय भील बस्ती नाड़ी (मोही) में बाटें गए स्वेटर भामाशाह महेन्द्र जी (सोजतिया ज्वैलर्स) के सौजन्य से जरूरतमंद बच्चों के लिए 125 स्वेटरों का वितरण किया गया। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय भील बस्ती नाड़ी (मोही) में 96 स्वेटर, आंगनवाड़ी में 20 स्वेटर व बाकी स्वेटर आस-पास की बस्तियों में जरूरतमंद बच्चों को वितरण किए। वीरा पुष्पा जी मालू की बेटी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चों को बिस्कुट व चॉकलेट भी बाटें गए व वीरा टीना सियांल की तरफ से बच्चों को पैन दिए गए। 24 दिसंबर को आर.के. हॉस्पिटल में मिल्क डोनेट करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित स्वरूप में 48 प्लास्टिक के डब्बे तथा बिस्किट के पैकेट दीपा जी मादरेचा की तरफ से दिए गए। इस प्रोजेक्ट में डॉ. हेमंत जी शेखावत और नर्सिंग स्टॉफ कोमल जी, विमला जी, वीरा वनिता बापना, वीरा मीना सोनी उपस्थित रहे।

## उदयपुर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा दिसंबर माह में आर.एन.टी. कॉलेज में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 31 गतिविधि के माध्यम से 111 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेग्नेंसी टू इंफैन्सी के दौरान 98 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 125 बेबी किट का वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत मदर मिल्क सेन्टर में 15 महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 2 दिसंबर को श्री ज्ञान मंदिर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र जांच: 250, चश्में वितरण: 40 एवं 20 मरीजों को दवाईयां दी गयी। विज्ञान समिति उदयपुर में आयोजित चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 65 मरीज व एक्यूप्रेशर शिविर में 54 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथैरेपी सेन्टर में 178 मरीज लाभान्वित हुए। इस माह में केंद्र द्वारा 3 यूनिट रक्त उपलब्ध करवाया गया। मानव सेवा समिति में 858 लोगों को खाना खिलाया गया






**भोजन एवं कपड़े वितरण कार्यक्रम**

व केंद्र द्वारा द इंजीनियर्स इंडिया में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 115 सदस्य उपस्थित हुए। महाकालेश्वर गौशाला में 300 गायों को चारा डलवाया गया। 17 से 22 दिसंबर तक मानव सेवा समिति एवं धाकड़ परिवार की ओर से 8250 कपड़ों का वितरण किया गया। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 121 पेटीकोट, 142 कटोरी, 20 चम्मच, 84 पलाडी, 34 ड्रेस, 21 केएमसी बैग, 8 किग्रा सत्तू 620 बिस्कुट्स उपलब्ध कराई गयी।

### महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र एवं कैटरेक्ट व कॉर्निया क्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में** नि:शुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कथुरिया एवं उनकी टीम ने नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया। एमआई के सदस्य शिविर प्रभारी वीर जितेंद्र जैन ने बताया कि इस अवसर पर कुल 105 नेत्र मरीजों की नि:शुल्क जांच कर परामर्श प्रदान किया गया। जांच के बाद 23 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन, कंप्यूटर से आंखों की जांच कर 17 मरीजों को चश्मा निकालने का परामर्श दिया गया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र सहायक सचिन मिश्रा, ऑप्टिशियन रूप सिंह चुंडावत ने




**सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

भी सेवाएं दी। केंद्र की ओर से आकर कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत 50 बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। उप प्राचार्य भावना मेघवाल ने "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" के तहत माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तार से बताया। कार्यालय सहायक संगीता डामोर ने माहवारी के समय होने वाली समस्या एवं उसके निराकरण के बारे में जानकारी दी।

## महावीर इंटरनेशनल ऋषभदेव केंद्र सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ऋषभदेव केंद्र एवं HDFC BANK ऋषभदेव के संयुक्त तत्वावधान में** 16 दिसंबर को स्थानीय हॉस्पिटल में Nutrition And International Wellness Coach श्री सी.पी. सुजावत द्वारा कैम्प आयोजित किया गया जिसमें 75 लोगों की BMI की जांच की गई एवं उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए गए। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर राकेश, उपाध्यक्ष वीर वस्तुपाल, सचिव वीर मुकेश, वीर संजय मलासिया, वीर विष्णु वोरा, HDFC BANK के भरत, आशुतोष जी आदि सदस्य उपस्थित रहे।


**सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल फतहनगर केंद्र कम्बल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल फतहनगर केंद्र** द्वारा रेलवे स्टेशन मावली, रेलवे स्टेशन फतहनगरव रोडवेज बस स्टेशन आदि जगह जाकर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किए गए। कार्यक्रम के प्रायोजक संस्था सदस्य वीर आयुष तातेड़ रहे। इस दौरान संस्थान के वीर अजय जैन, वीर नरेश मंडोवरा, वीर आयुष जैन, वीर दिनेश गर्ग, वीर ऋषभ सेठिया, वीर आशीष जैन, वीर शुभम जैन, वीर शुभम चपलोत आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र** द्वारा 5 जनवरी को गंगाशहर नागरिक सेवा परिषद, नंदी गौशाला, नोखा रोड में स्वर्गीय श्री शिखर चंद जी सुराणा की पावन स्मृति में उनकी मासिक प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर छोटे-छोटे नंदी और गौमाता के लिए 6 क्विंटल लापसी महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर केंद्र के सदस्यों ने गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस पुण्य कार्य में वीर संतोष बांठिया, वीर आयुष सुराणा, वीर डॉ. जे.एस. मेहता, वीर दर्शन सुराना, वीर देवेंद्र बैद, वीर गिरधर करनाणी, वीर प्रवीण कुमार मित्तल, वीर मनीष सुराणा, वीर कन्हैया लाल बोथरा, वीर सुरेश गुप्ता, वीर मेघराज बोथरा, वीर गौतम चंद बोथरा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। महावीर इंटरनेशनल परिवार ने सभी श्रद्धालुओं और योगदानकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और इस सेवा कार्य को स्वर्गीय शिखर चंद जी सुराणा की स्मृति में समर्पित किया।


**जीवदया सेवा कार्यक्रम**

## महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र** द्वारा 17 दिसम्बर को नियमित सेवा प्रकल्प जीव दया प्रकोष्ठ के तहत सुजानदेसर काली माता मंदिर गोचर भूमि में लावारिस रह रही गायों को 6 मन चारा डलवाया गया। कार्यक्रम में आर्थिक सहयोगी कालुराम त्रिलोकचंद बाफना गंगाशहर रहे। 10 जनवरी को 'भोजन वितरण' के तहत श्रीमान शान्तिलाल राखेचा के सौजन्य से अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती कौशल्या देवी राखेचा की स्मृति में सेवा आश्रम न. 2 में 48 मंद बुद्धि बच्चों व माताओं को दोपहर को नाश्ता, मिठाई, नमकीन, तिल की गजक आदि का कराया गया। कार्यक्रमों में वीर टोडरमल चोपड़ा, वीर त्रिलोक चंद बाफना, श्री शान्ति लाल जी राखेचा, श्री पूरन चंद राखेचा, श्रीमती सरोज देवी, श्रीमती संगीता, श्रीमती सुप्रिया राखेचा, श्रेयांश राखेचा, यश राखेचा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत वीर चन्द्रकुमार राखेचा रहे।


**भोजन वितरण कार्यक्रम**

## महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** द्वारा नवंबर एवं दिसंबर माह में संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर, होम्योपैथी व मनोपरामर्श, नेत्र जांच एवं एम्बुलेंस



में बीपीएल एवं निशक्त जनों को नि:शुल्क सेवा प्रदान की गई। शिविर में फिजियोथैरेपी: 1484, एम्बुलेंस: 26, ऑक्सीजन: 1।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा 17 दिसम्बर को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरतगढ़, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं. 4 सूरतगढ़, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय वार्ड नं. 5 सूरतगढ़, राजकीय प्राथमिक विद्यालय उपनिवेशन कॉलोनी सूरतगढ़, चक 34 पी.बी.एन. मानकसर, 3 एस.जी.एम., 40 एस.टी.जी. रंगमहल में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को 65 जोड़ी जुते, 200 जोड़ी जुराबें व 200 गर्म टोपियां वितरित की गयी। केंद्र द्वारा आज पुराने अखबारों को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 294 किलो गत्ते, अखबार व कॉपी




देहदान आयोजन

एकत्रित किए गए। स्थाई सेवा कार्य के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में 200 हाइजीनिक बेबी किट प्रदान की गई। केंद्र द्वारा सुप्रसिद्ध घी व्यवसायी और ब्रह्माकुमारी आश्रम से जुड़े पृथ्वीराज धानुका का देहदान करवाया। उनका निधन होने पर एडवोकेट कमल पारीक और जितेंद्र गुप्ता ने संभागीय चेयरमैन वीर संजय बैद को सूचना दी और नेत्रदान की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने श्रीगंगानगर डॉ. एस.एस. टांटिया मेमोरियल आई डोनेशन अवेयरनेस सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन से सम्पर्क किया और कॉर्निया उत्सारित करने के लिए टीम भेजने का आग्रह किया। इस पर सोसायटी की ओर से आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के टेक्निशयन अनुराग सारस्वत सूरतगढ़ पहुंचे और धानुका के पुत्र अनिल और नरेश धानुका की सहमति से कॉर्निया उत्सारित किया। केंद्र का यह 220वां नेत्रदान और दूसरा देहदान था। महा मास में गत एक माह से निराश्रित गौवंश के लिए जो दलिया वितरण का अभियान चलाया जा रहा था उसका समापन कर दिया गया। परियोजना निदेशक गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर सत्यनारायण झवर ने बताया कि समाजसेवी धर्मचंद चांडक द्वारा पुराना बाजार में अपने हाथों से दलिया तैयार किया जाता था। ओम कच्छावा द्वारा वाहन और कुत्तों के लिए बिस्कुट संस्था को उपलब्ध करवाए गए। इन अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर** द्वारा 7 दिसंबर को HSRV स्कूल, महारानी स्कूल एवं DPS स्कूल में कपड़े की थैलियां वितरित की गयी। 17 दिसंबर को गंगाशहर आंगनवाड़ी में स्थाई प्रोजेक्ट प्रेग्नेंसी टू इन्फैंसी के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया गया। इसमें 5 महिलाओं को पोषण आहार की सामग्री जिसमें दलिया, बादाम, मखाना, गट, सुखा चना, गुड, दाल इत्यादि प्रदान की गई तथा उनकी रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। इनमें से एक महिला को लड़की हो जाने से उसे प्रसव उपरांत सामग्री में घी, बेबी किट भी शामिल किए गए। 23 दिसंबर को वीरा ममता रांका के आर्थिक सौजन्य से राजकीय सीनियर





बेबी किट एवं मोजे, टोपियां, शॉल वितरण कार्यक्रम

सेकेंडरी स्कूल बरसिंगसर में 80 बच्चों को गरम जैकेटस वितरित कर लाभान्वित किया गया। 7 जनवरी को प्रेग्नेंसी टु इन्फैंसी प्रोजेक्ट के तहत जिले के पीबीएम अस्पताल में नवजात शिशुओं की माताओं को शिशुओं के लिए 50 बेबी किट प्रदान किए गए ताकि उनको संक्रमण से बचाया जा सके। राजकीय नेत्रहीन छात्रवासित उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के लिए 14 रजाइयां, बच्चियों के लिए 6 शॉल, 40 टोपियां एवं 40 मोजे भी दिए गए। वीरा प्रेम नौलखा द्वारा मोजे एवं टोपियां दी गई। वीरा संतोष नाहटा के द्वारा शॉल एवं रजाइयों के लिए श्रीमती ज्योति कमल बोथरा का सहयोग रहा। वहीं स्कूल में गार्डन के लिए 33 गेंदे के पौधे भी लगवाए गए ताकि बच्चों को स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके। 15 जनवरी को 4 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का वितरण किया गया। केंद्र सचिव वीरा मनीषा डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरा मिथिला भूरा ने महिलाओं को ममता कार्ड जांच कर आवश्यक सलाह दी एवं इस कार्यभार को संभाला।

# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र जोधपुर नि:शुल्क नेत्र/लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ब्लू सिटी केंद्र जोधपुर एवं तारा बाई देसाई नेत्र चिकित्सालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में** 20 दिसंबर



**नि:शुल्क नेत्र/लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन**

एवं 3 जनवरी को राजकीय औषधालय सती बाला रतनदा जोधपुर एवं उदय मंदिर सरकारी डिस्पेंसरी पावटा जोधपुर में नि:शुल्क नेत्र/लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। ऑपरेशन के लिए कुल 93 आउटडोर, चयनित 29 व सभी व्यक्तियों की शुगर/बी.पी. की जांच की गई। मरीजों के ऑपरेशन तारा बाई देसाई नेत्र चिकित्सालय जोधपुर में डॉ. संजीव देसाई/डॉ. राजीव देसाई द्वारा किए जाएंगे।

## महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र** द्वारा दिसंबर माह में सेवा गतिविधियों के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल रोग निदान केंद्र में संचालित सभी प्रकार की चिकित्सीय जांच सेवाएं केवल लागत मूल्य पर उपलब्ध करवाई गई जिसमें लैब टेस्टिंग 1040 केस, सोनाग्राफी 174, ई.सी.जी. 24, डीजीटल एक्सरे 275 व जरूरतमंद व निर्धनों को नि:शुल्क सेवाएं भी दी गयी। वीर पारसमल परिहार द्वारा 29 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई जिसमें रु.7500 की राशि वहन की गई। संस्था द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेंटर में आधुनिक मशीनों द्वारा 208 मरीजों को डॉ. हेमा परिहार द्वारा लागत मूल्य पर थैरेपी प्रदान की गई। 15 दिसंबर को स्पाइन सर्जन डॉक्टर नितिन गोयल द्वारा चोथा हड्डी रोग जांच एवं प्रमुख शिविर का आयोजन संस्था के भवन भोग निदान केंद्र में रखा गया इस शिविर में हड्डी रोग से संबंधित 26 मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। 21 दिसंबर को 23 नवंबर को मेडिपल्स अस्पताल जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 10वां नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन संस्था के भवन रोग निदान केंद्र में रखा गया। शिविर संयोजक वीर राजेश द्वारा जांच की गयी हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गर्ग द्वारा घुटनों व रीड की हड्डी व हड्डियों



**नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन**

की 214 विभिन्न बीमारियों के 29 से अधिक मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं जांच परामर्श शिविर का आयोजन संस्था के भवन रोग निदान केंद्र में रखा गया इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर मुदिता सोलंकी द्वारा 75 से अधिक मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल अहिच्छत्रपुर वीरा केंद्र नागौर यूनिफार्म, स्वेटर, बिस्कुट, चॉकलेट और तिल के लडडू वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अहिच्छत्रपुर वीरा केंद्र नागौर** द्वारा नायक कच्ची बस्ती में बच्चों को



**यूनिफार्म, स्वेटर, बिस्कुट, चॉकलेट और तिल के लडडू वितरण कार्यक्रम**

यूनिफार्म, स्वेटर, बिस्कुट, चॉकलेट और तिल के लडडू आदि का वितरण किया गया जिसमें लगभग 65 बच्चें लाभान्वित हुए। जिसमें संरक्षक वीरा संगीता डागा, केंद्र चेयरमैन वीरा नेहा संकलेचा, सचिव वीरा सुमन सुराना, कोषाध्यक्ष वीरा सोमा डागा, वीरा बबीता चोरड़िया, वीरा सपना छल्लानी, वीरा नीतू बोथरा, वीरा कुसुम बरडिया, वीरा मोनिका जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा वीरा सुधा धारीवाल द्वारा श्री जगत कल्याण शिक्षण संस्थान में रु.2000 की आर्थिक सहायता की गई। 50 बच्चें लाभान्वित हुए। वीरा मंजू मेहता पटवा द्वारा बाल शोभा संस्थान में 42 बच्चों को भोजन कराया गया। वीरा लीला लोहिया द्वारा अपना घर आश्रम में 242 प्रभुओं



**भोजन एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम**

को भोजन कराया गया। "कपड़े की थैली मेरी सहेली" अभियान के तहत जोधपुर के सेक्टर-11 के राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी विद्यालय में 150 विद्यार्थियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं लेने का संकल्प

लिया। विद्यालय प्रिंसिपल मंजू शर्मा, जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी, केंद्र चेयरपर्सन वीरा अमिता जैन, पर्यावरण संरक्षण निदेशक वीर रविंद्र कुमार जैन की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और गायों को होने वाले नुकसान की जानकारी दी। विद्यार्थियों से इस विषय पर प्रश्नोत्तरी की गई, कई विद्यार्थियों ने प्रश्नों के अच्छे उत्तर दिए। महावीर इंटरनेशनल के कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान को पूरा समर्थन देते हुए विद्यार्थी ने आकर्षक रंगोलिया सजाई। वीरा नीता जैन द्वारा जोधाणा वृद्धाश्रम में 30 वृद्धों के लिए खाद्य सामग्री दी गई। वीरा नीलम मेहता द्वारा अपने जीवनसाथी की दूसरी मासिक पुण्यतिथि पर प्राइम प्रोजेक्ट महिला सशक्तिकरण के तहत नारी अपना घर सभी विभंदित 30 महिलाओं को सर्दी में बचाव के लिए कम्बल भेंट की गई। वीरा वंदना बक्शी ने अपने ससुर जी के जन्मदिवस पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को किराणा किट वितरण किया गया। वीरा लीला संचेती द्वारा नई अपना घर में 28 लोगों को एक समय का भोजन कराया गया। वीरा शांता मेहता द्वारा सर्दी की अधिकता को देखते हुए जनवरी माह में 10 परिवारों को 5 किलो बाजरी का आटा, 1 किलो गुड़, आधा किलो घी, 1 किलो तेल, 1 किलो खजूर प्रत्येक परिवार को दिए गए। इसके अतिरिक्त 20 किलो खजूर व 20 किलो गुड़ गंगाणी ने स्थित संपर्क अनाथ आश्रम में भिजवाया गया। 20 किलो खजूर का वितरण फुटपाथ पर रहने वाले व्यक्तियों में किया गया। साथ ही पहनने योग्य कपड़े व स्वेटर वितरित किए गए। 75 लोग लाभान्वित हुए। वीरा लीला लोहिया द्वारा होम्योपैथिक संस्थान में दवाई हेतु नगद राशि की सहायता की गई। वीरा उषा मेहता द्वारा जोधाणा वृद्धाश्रम में 72 लोगों को खाना खिलाया गया। इसके साथ ही आस्था वृद्धाश्रम में भी 42 लोगों को खाना खिलाया गया। 5 जनवरी को अवार्ड सेरेमनी हैदराबाद अधिवेशन में वीराओं को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया।

## नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सिलिगुडी केंद्र देहदान आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सिलिगुडी केंद्र** द्वारा 15 नवंबर को अपना घर वृद्ध आश्रम में रह रहे एक आश्रम वासी 'राजेन्द्र अग्रवाल' का मरणोपरांत उनके शरीर को सदस्यों की अनुमति से नार्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज, कवाखाली में डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट को रिसर्च के लिए डोनेट किया गया। अभी तक कुल 42 जन के शरीर दान किये जा चुके हैं। केंद्र द्वारा एक साथ 88 नए सदस्य बनाए गए।



**देहदान आयोजन**

### महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र सिलीगुड़ी सलवार सूट व बच्चों को मैगी एवं समोसा वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरांगना वीरा केंद्र सिलीगुड़ी** द्वारा वीरा मनीषा भंसाली द्वारा अपने सासू मां की स्मृति में गौ सेवा की गई। उनके जन्म दिवस पर की गई। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर सेवा कार्य के तहत अंबिका नगर, श्मशान बस्ती सिलीगुड़ी में



**सलवार सूट व बच्चों को मैगी एवं समोसा वितरण कार्यक्रम**



जरुरतमंद बहनों को 150+ नये सलवार सूट और बच्चों को मैगी एवं समोसा दिया गया। इन अवसरों पर सचिव वीरा सीमा सेठिया, प्रथम उपाध्यक्ष वीरा जूली सिरोहिया, उपाध्यक्ष वीरा लीला बैद, वीरा सुनीता जम्मड़, वीरा सुमन बैद, वीरा कांता जैन, वीरा उमा नौलखा, वीरा रेनू जैन एवं वीरा शशि जैन उपस्थित रही।

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र MIF सदस्यों का सम्मान

**महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र** द्वारा महावीर इंटरनेशनल अपेक्स से सम्मानित MIF सदस्यों का केंद्र द्वारा सम्मान किया गया। महावीर सेवा भवन में आयोजित कार्यक्रम में




MIF सदस्यों का सम्मान

केंद्र चेयरमैन वीर धर्मेश चोपड़ा ने बालोतरा से महावीर इंटरनेशनल अपेक्स में विशेष सेवा, आर्थिक योगदान देने वाले अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर सीए ओमप्रकाश बांठिया, रीजन सचिव वीर महेंद्र चोपड़ा, जोन चेयरमैन वीर पवन नाहटा, पूर्व जोन चेयरमैन वीर पारसमल भंडारी, पूर्व जोन सचिव वीर हाजी मोहम्मद युसुफ भांतगर, उपनिदेशक पर्यावरण वीर जवाहरलाल हुंडिया को MIF (महावीर इंटरनेशनल फैलो) सदस्य प्रमाण पत्र से सम्मानित करते हुए केंद्र की ओर से बधाई एवं मंगल कामनाएं प्रस्तुत की। पूर्व जोन चेयरमैन वीर पारसमल भंडारी ने इस वर्ष महावीर सेवा सदन को पूर्ण रूप से कलर, मरम्मत आदि कार्य के लिए मोहम्मद युसुफ भांतगर सहित टीम द्वारा किए गए विशेष कार्यों की एवं आर्थिक योगदान देने वालों के प्रति आभार ज्ञापित किया। उपाध्यक्ष वीर अशोक चोपड़ा ने महावीर सेवा सदन के संदर्भ में जानकारी प्रदान की एवं स्थाई रूप कार्यों के लिए विशेष आर्थिक योगदान का अनुरोध किया। केंद्र द्वारा राजकीय नाहटा चिकित्सालय के अन्नपूर्णा रसोई घर में नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रमों में वीर अशोक कुमार, वीर महावीर चंद सालेचा, सरंक्षक वीर पारसमल भंडारी, रीजन सचिव वीर महेंद्र चोपड़ा, उपनिदेशक वीर धर्मेंद्र दवे, सचिव वीर दलपत जैन, उपाध्यक्ष वीर अशोक चोपड़ा, जोन सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, संगठन सचिव वीर हीरालाल प्रजापति, वीर गौतम दांती, वीर भंवरलाल भंडारी सहित सदस्यों ने भाग लिया।

## रीजन-7

### भोपाल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र कम्बल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र** द्वारा 8 जनवरी को कड़ाके की सर्दी व हाड़ कंपाने वाली सर्दी को देखते हुये कमजोर वर्ग परिवारों



कम्बल वितरण कार्यक्रम

के छात्र-छात्राओं को सर्दी से राहत देने के लिए-शासकीय माध्यमिक विद्यालय दानाओली, शिव नगर, कैथोलिक कब्रिस्तान के सामने, पुराना घोसीपुरा रेलवे स्टेशन, ग्वालियर में 70 कम्बलों का वितरण किया। इस अवसरों पर ट्रस्टी वीर पारसमल पारख, केंद्र चेयरमैन वीर सुदर्शन जैन, वीर अरूण चोरड़िया, वीर राकेश शिवहरे, वीर मुकेश जैन, वीर अमित शिवहरे उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल चंदना वीरा केंद्र ग्वालियर आर्थिक सहायता

**महावीर इंटरनेशनल चंदना वीरा केंद्र ग्वालियर** द्वारा मानवता की निस्वार्थ सेवा में 1 लड़की की कान का पर्दा फट गया था उसके



आर्थिक सहायता

ऑपरेशन हेतु केंद्र की वीराओं द्वारा उसके ऑपरेशन की राशि रु.8500/- जमा करके उसको दी गई ताकि उसका ऑपरेशन हो सके। इस सहायता कार्य में केंद्र चेयरपर्सन वीरा पुष्पा कोठारी, डिप्टी डायरेक्टर वीरा शिल्पा मेहता, वीरा रैनी कोठारी, वीरा रितु कोठारी, वीरा रुचि बोथरा उपस्थित रही।

### इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा हैदराबाद में आयोजित 30वें अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन में स्थाई सेवाओं के लिए अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र सिरोलिया, सचिव सुशील जैन, केंद्र सचिव वीर प्रमोद कोठारी, संयोजक वीर रमणलाल सोनी, वीर मनोहर लाल मेहता, वीर निर्मल गादिया, वीर गोविंद तोतला, वीर विजय बंबोरी, वीर श्रेणिक लूणावत, वीर सतीश जैन,






बेबी किट वितरण कार्यक्रम

वीर कैलाश तोतला, वीर प्रमोद जैन एडवोकेट, वीर अशोक चौहान, वीर संजय जैन, वीर प्रकाश भंडारी, वीर रविन्द्र कटारिया आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी। 12 जनवरी को सरकारी चरक अस्पताल उज्जैन में निर्धन परिवार के जन्मे बच्चों को इंफेक्शन से बचाव हेतु 523वां सप्ताह बेबीकिट का नि:शुल्क वितरण किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल उद्‌भव केंद्र आपातकालीन दुर्घटना प्रशिक्षण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उद्‌भव केंद्र** द्वारा 21 दिसंबर को लगभग 90 एनसीसी कैडेटों के प्रशिक्षण में सहयोग किया, ताकि उन्हें आपातकालीन स्थितियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया जा सके। इस प्रशिक्षण में दुर्घटनाओं जैसी गंभीर घटनाओं के दौरान तत्काल सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें मस्तिष्क स्वास्थ्य,




आपातकालीन दुर्घटना प्रशिक्षण कार्यक्रम

हृदय देखभाल, सीपीआर और इससे संबंधित अन्य बातों पर विशेष जोर दिया गया। इस सत्र का संचालन अनुभवी पेशेवरों द्वारा किया गया। जिसमें न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट और कोकिलाबेन अस्पताल, इंदौर के आईसीयू और आपातकालीन वार्ड के प्रशिक्षित डॉक्टर्स शामिल रहे। युवा पीढ़ी के सफल प्रशिक्षण के लिए डॉ. वसीम खान (एनसीसी विभाग के डीन, डीएवीवी इंदौर), डॉ. एकता (असि.प्रो., डीएवीवी इंदौर), श्री विमल पाराशर (मार्केट हेड कोकिलाबेन अस्पताल इंदौर), डॉ. प्रिंस (कोकिलाबेन अस्पताल इंदौर), अन्य डॉक्टर, नर्स और स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा महावीर इंटरनेशनल इंदौर के सदस्य वीर प्रदीप टोंगिया और वीर राकेश नाहर ने भी सत्र में भाग लिया।

# रतलाम-नीमच संभाग

## महावीर इंटरनेशनल मन्दसौर केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मन्दसौर केंद्र** द्वारा वीर हेमंत मेहता के सहयोग से मेहता परिवार द्वारा स्वर्गीय श्री गजेंद्र कुमार मेहता की स्मृति में



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

शासकीय प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को स्वेटर वितरित किए गए। केंद्र द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय में सेनेटरी नैपकिन वितरण प्रोजेक्ट आयोजित किया गया जिसमें स्कूल में बालिकाओं को मासिकधर्म स्वच्छता संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप श्री राम हॉस्पिटल की गायनोकॉलोजी डॉ. श्रद्धा शिंदे ने महावारी के बारे में बच्चों को जानकारी दी और सेनेटरी नैपकिन की उपयोगिता के बारे में बताया। वीरा रानी पोखरना और वीरा दीपा मनीष जैन ने माला से अतिथि और प्राचार्य का स्वागत किया। इन अवसरों पर पूर्व चेयरमैन वीर गुणवान सिंह कोठारी, उपाध्यक्ष वीर प्रतीक पोखरना, सहसचिव वीर विकास गौड़ावत, वीर भावेश बक्शी, वीर मनीष गुप्ता, वीर सुजान ओसवाल, वीर संजय गर्ग, वीर संजय भंडारी, वीर जितेंद्र गुप्ता, वीर विपिन कोठीफोड़ा, वीर यश चौधरी, वीर प्रतीक पोखरना, वीर सुजान ओसवाल, वीर संजय गर्ग, एडवोकेट वीर गौरव रतनावत, वीर अनीता फाफरिया, वीर अंतिम बक्शी, वीरा सुरभि गुप्ता, वीरा मीना जैन, वीरा भाविका जैन, स्कूल शिक्षिका सुरभि शर्मा, रेड क्रॉस प्रभारी सीमा चौधरी उपस्थित रहे।

# रीजन-8

# सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

## महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी केंद्र छत्रपति संभाजी नगर, (औरंगाबाद)
## रक्तदान शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मेट्रो सिटी केंद्र छत्रपति संभाजी नगर, (औरंगाबाद) एवं लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में** 22 दिसंबर को भव्य रक्तदान शिविर का उद्‌घाटन समाज सेवक श्री वसंतलाल गांधी, डॉ. श्री सुरेश लाठी, श्री पारस छाजेड़, श्री भगवानदास काबरा, डॉ. श्री प्रकाश पाटनी इनकी शुभ हाथों से किया गया। समाज सेवा की इस कार्य के लिए प्रकल्प प्रमुख वीर ललित गांधी, वीर आशीष पाटलिया इनका विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर रीजनल सचिव वीर राजकुमार जैन, गवर्निंग काउंसिल मेंबर वीर विकास पाटनी, केंद्र चेयरमैन वीर शैलेश चांदीवाल, सेक्रेटरी वीर अनंत जायसवाल, कोषाध्यक्ष वीर कमलेश सेठिया, वीर मनोज



रक्तदान शिविर आयोजन

मामा बोरा, वीर महावीर छंलानी, वीर राजेंद्र पगारिया, वीर पूनम सुराणा, वीर रितेश गोयल, वीर तेजस कमानी, वीर जोगेंद्र चौहान, वीर आनंद दुग्गड, वीर राहुल जैन, वीर नरेश बोथरा, वीर अखिलेश सकलेचा, वीर मनीष बुनलिया एवं वीरा संगीता गांधी, वीरा मोनाली गांधी, वीरा मोनिका चांदीवाल, वीर वैशाली पटलिया एवं लायंस क्लब ऑफ औरंगाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष लायंस संतोष गांधी, सेक्रेटरी लायंस हितेश मनकानी, कोषाध्यक्ष लायंस जयेश सुराणा लायंस संदीप करवा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र संभाजी नगर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र संभाजी नगर** द्वारा एक परिवार जिन्हें हमारी मदद की जरूरत थी इस परिवार में एक माँ, दो बच्चें और पिता हैं। बेटी तीसरी कक्षा में हैं और बेटा कॉलेज में छोटी बच्ची की फीस छः महीने की भरी हुई थी पर छह महीने की बाकी थी। वीराओं ने मिलकर उस बच्ची की



बेबी किट वितरण कार्यक्रम

छः महीने की फीस भरकर उनकी मदद की। साथ ही वीरा दर्शना फूलफगर ने उनकी ओर से उन्हें सौ किलो गेहूं दिए। 18 दिसंबर को घाटी हॉस्पिटल में मैटरनिटी वार्ड में 120 बेबी किट का वितरण नवजात शिशुओं को किया गया। केंद्र द्वारा हर माह की भांति इस माह भी जोहरीवाड़ा गौशाला में गायों के लिए चारा डाला गया। सोमवार तथा गुरुवार को घाटी हॉस्पिटल में 100 लोगों को चाय बिस्कुट वितरण निरंतर जारी हैं। 13 जनवरी को गणेश नगर गौशाला में गायों को चारा वितरण किया गया। 14 जनवरी को वीरा रीता पुरवार तथा उनके परिवार की तरफ से जरूरतमंद लोगों को खिचड़ी, चाय, लडडू तथा वूलन सॉक्स का वितरण किया गया। इन अवसरों पर चेयरपर्सन वीरा वैशाली देवड़ा, सचिव वीरा रूपाली चोरड़िया, वीरा दीपिका, वीरा राधिका, वीरा रीता, वीरा शैला आदि वीरायें उपस्थित रही।

# गुजरात संभाग

## महावीर इंटरनेशनल गुजरात जोन कपड़े की थैली मेरी सहेली एवं सिंगल प्लास्टिक बंद हो बैनर का अनावरण

**महावीर इंटरनेशनल गुजरात जोन** द्वारा चेयरमैन वीर विनोद संकलेचा ने बताया कि तेरापंथ सभा असाडा के तत्वावधान में महावीर



कपड़े की थैली मेरी सहेली एवं सिंगल प्लास्टिक बंद हो बैनर का अनावरण

इंटरनेशनल कपड़े की थैली मेरी सहेली एवं सिंगल प्लास्टिक बंद हो बैनर का अनावरण किया गया। बैनर के अनावरण में उपस्थित पचपदरा क्षेत्र के विधायक श्री अरुण जी चौधरी, कर्नाटक हुबली के समाजसेवी वीर महेंद्र सिंघी, वीर गणपत बांठिया, वीर शांतिलाल ड़ागा, BJP महाराष्ट्र प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष राकेशजी ओस्तवाल, तेरापंथ सभा असाड़ा के अध्यक्ष सुरेशजी बालड़, हुबली तेरापंथ समाज के अध्यक्ष पारस जी भंसाली, असाड़ा के पूर्व उपसरपंच एवं समाजसेवी प्रविण जी संकलेचा, मदन जी चोपड़ा, रायमल जी भंसाली, कांतिलाल जी हण्डीया, सुभाषजी दक, इन्द्र संकलेच एवं समाज के कई संस्थाओं के पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्य की प्रशंसा की। मंच का संचालन पीयूष भाई बलाड ने किया।

## महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन केंद्र सूरत भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मॉडल टाउन केंद्र सूरत** द्वारा 30वें अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन हैदराबाद में बनाये हुए कैलेंडर का विमोचन किया गया। 14 जनवरी को 50वें स्वर्णिम वर्षगांठ वर्ष के उपलक्ष्य पर मकर संक्रांति के इस महादान पुण्य के पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनुकंपा प्रसादी का महा आयोजन (लंगर भोजन) करवाया गया हैं, इस माह स्वर्गीय श्रीमती खम्मा देवी स्वर्गीय श्री केशरीमल जी चोपड़ा की पुण्य स्मृति निमित्ते श्रीमती मंजूदेवी धर्मपत्नी श्री अशोक जी चोपड़ा (वीर प्रभु टैक्स) परिवार के सौजन्य से पर्वत पटिया के कड़ोदरा मेन रोड विस्तार में गंगा होटल के सामने फ्लाई ओवर के नीचे टेंट लगा कर सुव्यवस्थित रूप से किया गया। जिसमें तकरीबन





भोजन वितरण कार्यक्रम

1000-1500 लोगों ने नि:शुल्क भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में वीर चंपालाल बोहरा, वीर हरीश धारीवाल, वीर मदन मालू, वीर नरेश धारीवाल, वीर हनुमान मालू, वीर रमेश सेठिया, वीर नितिन बोथरा, वीर मुकेश भंसाली, वीर संजय छाजेड़, वीर मुकेश बोहरा, वीर पवन मालू, वीर रमेश मालू, वीर मदन बोथरा, वीर अशोक बोहरा, वीर जितेंद्र संखलेचा, वीर रमेश भंसाली, वीर कपिल मेहता, वीर सुरेन्द्र मालू, वीर महावीर धारीवाल, वीर नरेश धारीवाल, वीर राकेश बोहरा, वीरा पंकज धारीवाल और वीरा सोनाली धारीवाल ने सेवाएं दी।

## महावीर इंटरनेशनल वडोदरा केंद्र ओपन स्कॉलरशिप कार्यक्रम एवं उपवन योजना

**महावीर इंटरनेशनल वडोदरा केंद्र** द्वारा सितंबर से दिसंबर माह में किये गए सेवा कार्यों के अंतर्गत:

**1. ओपन स्कॉलरशिप कार्यक्रम:-**

इस अवधि के दौरान 24 सितंबर और 16 नवंबर को दो कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाइनिंग स्टार श्रेणी के सभी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की गई।

**2. गोद लिए गए स्कूल कार्यक्रम:-**

इस अवधि के दौरान तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहला कार्यक्रम 27 नवंबर को टीआर पटेल स्कूल में आयोजित किया गया। दूसरा कार्यक्रम 9 दिसंबर को एमसी हाई स्कूल में आयोजित किया गया। तीसरा कार्यक्रम 12 दिसंबर को हिल मेमोरियल स्कूल में आयोजित किया गया।

**3. उपवन योजना:-**

इस अवधि के दौरान वडोदरा में मियावाकी शेड्यूल के आधार पर अलग-अलग जगहों






ओपन स्कॉलरशिप कार्यक्रम एवं उपवन योजना

पर 4 कार्यक्रम आयोजित किए गए। आखिरी कार्यक्रम 30 नवंबर को समा सावली इलाके में आयोजित किया गया।

**4.** 1 अक्टूबर को श्री संजय कोठारी के साथ रेडियो साक्षात्कार हुआ। उन्होंने केंद्र द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।

**5. अन्य गतिविधियां:-**

अन्य सभी गतिविधियां केंद्र द्वारा की जाती हैं जैसे ड्रेस वितरण, सेनेटरी नैपकिन वितरण, सर्दियों के कपड़े वितरण।


**6. वार्षिक सांस्कृतिक संध्या:-**

यह कार्यक्रम 20 दिसंबर को सयाजी नगर गृह में आयोजित किया गया। कुल 8 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम की शुरुआत गणेश और सरस्वती वंदना से हुई। एमआई ने हमेशा की तरह पुरस्कार राशि वितरित की। कुल मिलाकर कार्यक्रम बहुत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि केंद्र सूरत विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि केंद्र सूरत एवं प्रेक्षा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में** प्रथम विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में हिल्स हाई स्कूल में एक विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को ध्यान के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि ध्यान वह शक्ति हैं जो हमारी आत्मा को ऊर्जा, हमारे मन को स्थिरता और हमारे जीवन को दिशा प्रदान करती हैं। विश्व ध्यान दिवस हमें याद दिलाता हैं कि हमारे भीतर अनंत संभावनाएं हैं, जिन्हें ध्यान के माध्यम से जागृत किया जा सकता हैं। अपने भीतर की शक्ति को पहचानें और अपने जीवन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लें। "ध्यान करें, आत्मशक्ति को पहचानें और अपने जीवन को प्रेरणा और ऊर्जा से भर दें।" कार्यक्रम में करीब 350 बच्चों ने भाग लिया। प्रेक्षा फाउंडेशन से आए प्रशिक्षकों ने बच्चों को ध्यान की विभिन्न तकनीकों से परिचित कराया और उन्हें तनाव प्रबंधन और एकाग्रता बढ़ाने के लिए सरल और प्रभावी तरीके सिखाए। महिला मंडल द्वारा वनिता विश्रम स्कूल के 800 बच्चों एवं 30 शिक्षक 4 प्रधानाचार्य एवं विभिन्न प्रशिक्षकों के साथ





विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन

विशेष ऊर्जात्मक सत्र आयोजित किया गया। प्रेक्षा ध्यान के विभिन्न प्रयोग से शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति को जागृत करने का प्रयास किया गया। बच्चों को समय के सदुपयोग के साथ जीवन के लक्ष्यों को अनुशासित तरीके से हासिल करने के लिए प्रेरित किया। शरीर

की विशुद्धि एवं शुद्ध मनोबल के स्वर्णिम सूत्रों को प्रशिक्षकों ने बखूबी बताया व्यसन मुक्ति के संकल्प एवं सकारात्मक सोच के साथ वीरा अलका सांखला के नेतृत्व में विभिन्न प्रशिक्षकों के द्वारा नववर्ष के नव संकल्प कराए गए। इन अवसरों पर उपाध्यक्ष वीरा मीनाक्षी जैन, वीरा स्मृति जैन वीरा मीनाक्षी जैन, वीरा रूपाली नीलाखे, वीरा कमला जैन, वीरा रेखा जैन, वीरा गरिमा सेठिया, वीरा राजुल पारेख एवं महिला मंडल प्रेक्षा फाउंडेशन के सभी प्रशिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल मरुधर अहमदाबाद केंद्र अल्पाहार वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मरुधर अहमदाबाद केंद्र** द्वारा स्वर्गीय श्री गणेशमल जी भंसाली धानसा-अहमदाबाद की दुसरी मासिक पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मेंटल हॉस्पिटल में 350-360



अल्पाहार वितरण कार्यक्रम

पेशेंट के लिए नाश्ते का आयोजन रखा गया। नाश्ते में फाफड़ा जलेबी रखी गई। कार्यक्रम में सदस्य चेयरमैन वीर विनोद संकलेचा, वीर पृथ्वीराज चोपड़ा, वीर राजेंद्र चोपड़ा, वीर दिनेश बागरेचा, वीर जितेंद्र चोपड़ा, वीर कमल गोगड़ एवं भंसाली परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## मुंबई संभाग

## महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र** द्वारा 15 दिसंबर को आदर्श जैन हेल्थ सेंटर, आदर्श नगर, वर्ली





चिकित्सा शिविरों का आयोजन

में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर को वीर के.सी. जैन-वीरा मंजू जैन एवं उनके परिवार द्वारा प्रायोजित किया गया। शिविर में वीर राजेंद्र सिंघवी, वीर पारसमल गोलेछा, वीर रिकबचंद बोथरा, वीरा कांता बोथरा, वीर सुरेश बापना, डॉ. बी.सी. मेहता, श्रीमती प्रतिभा भंसाली आदि सदस्य उपस्थित रहे। शिविर के दौरान कुल 253 रोगियों का उपचार किया गया, जिसमें लाभान्वित हुए; आंखों की जांच: 22, नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए: 6, मधुमेह की जांच: 85, रक्तचाप की जांच: 85, हड्डी घनत्व की जांच: 24, अस्थमा की जांच: 12, एक्यूप्रेशर उपचार: 19, केंद्र द्वारा 5 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य रेलवे स्टेशन, टिकट खिड़की के पास, भांडुप पश्चिम में सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक सफलतापूर्वक किया गया। इस शिविर के दौरान 129 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह शिविर वीर कंवरलाल डागा और वीरा श्रीमती विजया देवी डागा और परिवार द्वारा प्रायोजित किया गया था। शिविर में वीर कंवरलाल डागा, वीरा विजया देवी डागा, वीरा निकिता अंकित बेताला, वीरा अंकित बेताला, वीरा मुस्कान डागा एवं अन्य सदस्यों की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। केंद्र द्वारा 5 जनवरी को ही सेठ चिमनलाल हाई स्कूल, सांताक्रूज, मुंबई में सफलतापूर्वक मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। यह कैम्प वीर डॉ. नेमीचंद छाजेड के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सी.ए. पीयूष छाजेड़, श्री विनोद आडे (वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, वकोला पुलिस स्टेशन) एवं अधिवक्ता श्री सुनील भाडेकर (उच्च न्यायालय) रहे। शिविर में कुल 568 रोगियों ने शिविर से लाभ उठाया, इसमें लाभान्वित हुए आंखों की जांच: 124, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 38, नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए: 10, मधुमेह जांच: 140, रक्तचाप जांच: 140, हड्डी घनत्व जांच: 40, एक्यूप्रेशर उपचार: 40, श्रवण सहायता मशीनें प्रदान की गईं: 8, सामान्य जांच: 12, ईसीजी परीक्षण किए गए: 16, 2 व्हीलचेयर दान की गईं, 2 छत पंखे दान किए गए। शिविर में भाग लिया केंद्र से वीर डॉ. नेमीचंद छाजेड़, वीर पारसमल गोलेछा, वीर सुरेश बापना, वीर विपुल जानी, श्री जैन सेवा संघ से मनीष बोहरा, विशाल बोहरा, दर्शन बोहरा, आर्यन कोठारी, सुनील कोठारी, निहाल मुणोत, गौतम मेहता, अशोक हुंडिया, रोशनलाल पगारिया, कांतिलाल मेहता, सुमेरमल सुराणा, दिनेश बापना एवं शिवसेना शाखा प्रमुख: संजय भगत आदि उपस्थित रहे। यह शिविर श्री जैन सेवा संघ द्वारा स्वर्गीय उगमराज जी लूणावत की प्रेमपूर्ण

**वृक्ष लगाओ, हरियाली लाओ।**



स्मृति में प्रायोजित किया गया था। केंद्र द्वारा माटुंगा वर्कशॉप, सेंट्रल रेलवे (ईस्ट साइड गेट) पर 10 व 11 जनवरी को रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस शिविर में अध्यक्ष वीर घनश्यामनाथ मोदी, वीर राजेंद्र सिंघवी, वीर सुरेश बापना, वीर रिकाबचंद बोथरा, वीरा कांता बोथरा, भावेश और नैशा, वीर विपुल जानी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। यह शिविर बोथरा परिवार द्वारा श्रीमती उगम कंवर और श्री रतनचंद बोथरा की स्मृति में आयोजित किया गया।

# रीजन-9

## छत्तीसगढ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल धमतरी केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल धमतरी केंद्र** द्वारा 13 जनवरी को धमतरी क्रिश्चियन हॉस्पिटल में महावीर प्रसादी का वितरण किया गया और साथ में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में प्रसादी



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

के साथ तिल लडडू, मुरा लडडू भी प्रसादी के साथ मरीज एवं साथ में उनके अटेंडर को वितरित किया गया। महावीर प्रसादी वीर शांति लाल लुंकड़ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री केशरी मल जी, शांतिलाल जी लुंकड़ परिवार द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में 50 टिफिन भोजन के वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने मे केंद्र चेयरमैन वीर ज्ञानचंद लुनावत, वीर निलेश लुंकड़, वीर खेमचंद गोलछा, वीर डॉ. हर्ष जैन, वीर दिलीप बड़जात्या, वीरा सूर्या लुंकड़, वीरा नीलू लुनावत, वीरा सुषमा चोपड़ा, वीरा दीपा लोढ़ा, वीरा मनीषा लुंकड़, वीरा विजय लक्ष्मी बेद, वीरा अंजू छाजेड़ का सहयोग रहा। कार्यक्रम में वीर शांति लाल लुंकड़ एवं वीर महावीर गोलछा का भी सहयोग मिला।

### महावीर इंटरनेशनल रायपुर त्रिशला केंद्र चिकित्सकीय सहायता

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर त्रिशला केंद्र** द्वारा 27 दिसंबर को थैलेसीमिया से पीड़ित 3 बच्चों



**चिकित्सकीय सहायता**

को 1 साल के लिए गोद लिया गया। ये नेक काम वीरा शीला श्रीश्रीमाल एवं वीरा लीला श्रीश्रीमाल द्वारा उनके ससुरजी की पुण्य तिथि पर किया गया। वीरा शीला श्रीश्रीमाल द्वारा 1 बच्चे को, जिसका खर्च 8000 रुपये लगा, और वीरा लीला श्रीश्रीमाल द्वारा 2 बच्चों को, जिसका खर्च 16000 रुपये लगा। बच्चों को फल वीरा लीला श्रीश्रीमाल द्वारा दिया गया। इसको सफल बनाने के लिए, वीरा शीला श्रीश्रीमाल, वीरा लीलाश्रीश्रीमाल, वीरा रंजना श्रीश्रीमाल, वीरा सुनंदा श्रीश्रीमाल, वीरा इंदु लोधा उपस्थित रही।

## महाकौशल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र कम्बल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बालाघाट केंद्र** द्वारा आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर 1000 से



**कम्बल वितरण कार्यक्रम**

अधिक कम्बल जिले भर में वितरित किये जा रहे हैं।

### महावीर इंटरनेशनल कटंगी केंद्र नेत्र जांच शिविर आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कटंगी केंद्र** द्वारा 10 जनवरी को मासिक कैम्प में 45 मरीजों की



**नेत्र जांच शिविर आयोजन**

ओ.पी.डी. रही उनमें से 12 मरीज कैटरेक्ट के निकले जिसमें 05 मरीज ऑपरेशन के लिये गए।

### महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र बालाघाट निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र बालाघाट** द्वारा 30 दिसंबर को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

का आयोजन नगर पालिका मुख्यालय लांजी एवं भानेगांव में किया गया साथ ही प्रशिक्षित डॉ. कर्मवीर सिंह सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया। शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 46 मरीज चयनित हुए। साथ ही 7 जनवरी को भनेगांव निःशुल्क मोतियाबद नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई लोगों ने लाभ लिया।

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र** द्वारा 29 दिसंबर एवं 11 जनवरी को नांदाफाटा एवं



नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

मोहरली में नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 888 मरीजों की आंखों की जांच की गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन के 138 मरीज चयनित किए गए।

### महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र** द्वारा 7 जनवरी को श्री सत्यसाई माता व बाल अस्पताल, नंदुरकर इंजीनियरिंग कॉलेज कैम्पस, शंभाजी नगर, यवतमाल में आयोजित बेबी किट वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। केंद्र द्वारा दीनदयाल सेवा प्रतिष्ठान के तहत संचालित किचन गार्डन परियोजना की महिलाओं को सेनेटरी नैपकिंस वितरित किए गए। सचिव वीरा माधवी राजे ने परियोजना की महिलाओं को मार्गदर्शन देते हुए परियोजना के उद्देश्य की जानकारी दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आवश्यक सामग्री प्रदान की गई, जिससे वे स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से बच सकेंगी। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदिया, सचिव



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

वीरा शोभा दोडेवार, सदस्य वीरा डॉ. ललिता घोडेवार, वीरा उज्वला भाविक, वीरा आरती कामघंटे, वीरा तृप्ति सामृतवार, वीरा योगिता मंचलवार, वीरा संगीता पिपरानी, वीरा सुजाता जीडडेवार, वीरा सुलभा चाणेकर, वीर हर्षल यम्बरवार, वीर शरद निमोदिया, वीर महेंद्र बोरा, वीर शेखर बंड, वीर रवि निमोदिया, वीर उमेश पोदार, वीर मनोज अग्रवाल आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

# रीजन-10

## तमिलनाडु-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से निम्न स्थानों पर निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में अग्रवाल आई एवं एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सकीय टीम द्वारा 581 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमें से 51 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनका निःशुल्क ऑपरेशन कराने के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। 297 मरीजों की आंखें जांच में कमजोर पाई गई जिनको चश्में बनाकर दिए जाएंगे। 120 मरीजों की मधुमेह व रक्तचाप की जांच की गयी। डॉ. अहमद द्वारा 60 लोगों का इलाज करके निःशुल्क दवा दी गयी। जरुरतमंदों को श्रवण यंत्र, पेन बाम, स्प्रे, पेन जेल, कमर पट्टा, मौजें, मधुमेह की आयुर्वेदिक दवा, 20 आई ड्रॉप्स, घुटने के मौजा सर्वाइकल कालर, गरम पानी की थैली, पेन बाम, पेन स्प्रे, कमर पट्टा व घुटने के मोजे हाथ के दस्ताने, बुजुर्गों के लिए सहारे की लकड़ी दिये गए। डॉ. एस. स्वामीनाथन, प्रोग्राम सहायक डॉ. रेवती व ऑफिसर सभी आये हुए लोगों का निःशुल्क उपचार किया व दवाईयां भी मुफ्त में दी गई। पर्यावरण के उपलक्ष्य में कपड़े की थैली मेरी सहेली का प्रचार किया गया। केंद्र को 5 जनवरी को 30वें अन्तर्राष्ट्रीय



निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

अधिवेशन में मानव सेवा, नि:शुल्क नेत्र शिविर, कपड़े की थैली मेरी सहेली, चश्में वितरित अन्य कई शुभ काम के लिए अवॉर्ड देकर गौरान्वित किया गया। इन अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की उपस्थिति गरिमामय रही।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 762 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 52 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 488 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 415 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 79 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया व वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 30 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। इन अवसरों पर वीरा इंद्राबाई



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

वेदमुथा, वीरा ललिता नाहर, वीर प्रकाशचंद बोथरा, वीरा चंद्रकला लोढा, वीरा प्रिया चोरड़िया, वीर दिलीप जैन, वीर आदेश बोहरा, वीरा रेखा बोहरा, वीर सूरज बोहरा, मानसी, वीर भवरलाल, वीर श्रावणगिरी, वीर अशोक, वीर एम. नागरमल छाजेड़, वीर मंगलचंद रूनवाल, वीर प्रवीणकुमार छाजेड, वीर एन. प्रसनचंद, वीर जुगराज बोदरिया, वीर जबरचंद बम्ब, वीर प्रकाशचंद बम्ब, वीर निर्मल छाजेड़, वीर नरेन्द्र सुराणा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नॉर्थ टाउन केंद्र** द्वारा 7 जनवरी को चेतपेट स्थित SRS गर्ल्स हॉस्टल में स्वर्गीय देवराज जी धोका व पियुष धोका की स्मृति में दिलखुश राज सरोज देवी




भोजन वितरण कार्यक्रम

धोका परिवार द्वारा 56 अनाथ लड़कियों को नाश्ता करवाया गया। साथ ही सभी को स्टेशनरी किट भी दिए गए। वितरण कार्य में केंद्र चेयरमैन वीर दीलखुश राज धोका, वाइस चेयरमैन वीर शांतिलाल चौधरी, सह सचिव वीर महावीर सबदडा, कोषाध्यक्ष वीर बुधप्रकाश डोसी, वीर कीशोर लुणावत, वीर विकाश मरडिया, वीर भावेश खंडोर, वीर सुमित ललवानी, वीर संदीप बनवट आदि वीरों ने सेवाएं प्रदान की। गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर ज्ञानचंद कोठारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** श्रीमान शा जितेन्द्रजी गादिया परिवार चेंगलपेट के सहयोग से चेंगलपेट स्थिति जैन भवन में 27 नवंबर को 2767वां



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 110 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 12 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 65 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 31 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 16 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। शिविर में वीर अजीत चोरड़िया, वीर पदमचंद सिंघवी, वीर निर्मल गड़वानी, वीर केसाराम सीरवी, वीर जीतू मकाना, वीर दिलीप जैन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई लेडीज नॉर्थ टाउन केंद्र
## डायलिसिस करवाने हेतु सहयोग प्रदान किया

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई लेडीज नॉर्थ टाउन केंद्र** द्वारा 21 दिसंबर को चिकित्सकीय रूप से चुनौती प्राप्त किडनी फेलियर के जरूरतमंद मरीजों के डायलिसिस के लिए पेरंबूर स्थित




डायलिसिस करवाने हेतु सहयोग प्रदान किया

आंचीबाई कटारिया डायलिसिस सेंटर में सहयोग प्रदान किया। चेयरपर्सन वीरा ललिता सबदडा का सम्मान डायलिसिस सेंटर के अध्यक्ष हरीश पारख व सेक्रेटरी वीर ज्ञानचंद कोठारी ने शॉल व माला से अभिनंदन किया। सह सचिव वीर भरत लोढा ने सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा ललिता सबदडा, वीरा निर्मला खिवंसरा, वीरा पुष्पा मेहता, वीरा शकुंतला खारीवाल, वीरा प्रेमलता भंडारी, गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर ज्ञानचंद कोठारी उपस्थित रहें।

## तेलंगाना संभाग

### महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर सत्व मॉल के सामने, कोठी




भोजन वितरण कार्यक्रम

प्रसूति अस्पताल, नीलोफर अस्पताल एवं गांधी अस्पताल में छवि कोठारी, तान्या काबरा, आहार उपकार संयोजक, शील कुमार जैन परिवार एवं पारसमलजी सूरज बाई नाहर के सहयोग से 981 लोगों को खाना खिलाया गया। 21 दिसंबर को ताड़बंद हनुमान मंदिर में प्रोजेक्ट वार्मथ इन विंटर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को ईयर कफ, चाय, कंटेनर दान किए और गर्म भोजन परोसा गया। 12 जनवरी को सन्निहिता गर्ल्स होम में वीरा दीपिका पितलिया के सौजन्य से प्रोजेक्ट लिटिल लाइट्स के अंतर्गत खाने-पीने की जरूरी चीजें, पेस्ट्री और स्नैक्स दान किए। इन अवसरों पर प्रोजेक्ट के संगीतकार वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, वीर मोहित सुराणा, वीरा दीपिका जैन, वीरा पूजा जैन, केंद्रीय महासचिव वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा पूजा पितलिया, संयुक्त सचिव वीरा प्रेरणा जैन उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बेंगलूरु केंद्र** द्वारा वाणीविलास राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 26वां अन्नदान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 200 से अधिक छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने लाभ उठाया। 31 दिसंबर को बेघरों को गर्मजोशी से गर्माहट सुनिश्चित करने के लिए शाम बिताई। शहर की गलियों में 100 से अधिक कम्बल वितरित किए गए। 8 जनवरी को शहर के के.आर. मार्केट स्थित वाणी विलास गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए नई स्वच्छता सुविधाएं बनाने की परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। यह पहल स्कूल में खराब स्वच्छता स्थितियों को सुधारने की तत्काल आवश्यकता से पैदा हुई थी, जहां मौजूदा सुविधाएं दयनीय स्थिति में थी। मारुति मेडिकल्स के महेंद्र मुनोथ, गुरु पुनवानी डेवलपर्स के संजय बैद, डॉ. सोलंकी और जी.एम. इलेक्ट्रिकल्स के संदीप जैन सहित



भोजन वितरण कार्यक्रम

उदार दाताओं के समर्थन से, टीम ने स्कूल के लिए अत्याधुनिक स्वच्छता सुविधा प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास किया। नए शौचालयों के अलावा, स्कूल को स्वच्छता और सफाई को और बढ़ावा देने के लिए एक सेनेटरी डिस्पोजल मशीन से भी सुसज्जित किया गया। इन अवसरों पर मुख्य सचिव वीर विजयराज सिसोदिया, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश लखानी, उपाध्यक्ष वीर मनोज बाफना, वीर दिनेश लोढ़ा, वीर आशीष बाफना, वीर पदम बुराट, वीर अशोक गांधी, वीर राजेश जैन, वीरा कंचन जैन, वीरा दिव्या पिरगल, वीरा दीप्ति बाफना आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

### महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा 21 दिसंबर को कोटी में अपना 74वां भूख मिटाओ कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। श्री उगमराज जी संघवी परिवार के सौजन्य से 150 जरूरतमंद व्यक्तियों को भोजन परोसा गया। 1 अप्रैल 2023 के बाद से यह 74वां भूख निवारण कार्यक्रम रहा, जिसमें कुल 11,350 से अधिक जरूरतमंद लोगों की सेवा की गई और परियोजना की कुल लागत लगभग रु.3,70,000/- रही। केंद्र द्वारा जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता के लिए RKS फाउंडेशन को रु.55,000 मूल्य का ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और दवाईयां दान की। यह उदार दान सदस्य के परिवार, PMJ ज्वैलर्स द्वारा कांकरिया परिवार के सौजन्य से संभव हुआ। 12 जनवरी को लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम आई हॉस्पिटल के सहयोग से स्थायी प्रोजेक्ट एमआई-एचवाईडी अलेर विजन सेंटर, श्री कुलपाकजी जैन तीर्थ धर्मशाला में नि:शुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र जांच: 35, मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज: 03, स्पेक्स वितरण: 31 एवं नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई। सभी मरीजों का मोतियाबिंद सर्जरी, दवाएं, आई ड्रॉप और भोजन सेवाओं का ख्याल LCHSEH द्वारा रखा जाएगा। टीम के सभी सदस्यों को दोपहर का भोजन




**ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं दवाइयों का वितरण**

परोसा गया। आंखों की जांच के साथ-साथ, केंद्र परियोजनाओं, सिंगल यूज प्लास्टिक के बुरे प्रभावों के बारे में भी बात की और जागरूकता पैदा की और मेरी सहेली, मेरी ठेली को भी बढ़ावा दिया और लगभग 50 सूती बैग वितरित किए तथा जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता के लिए आरकेएस फाउंडेशन को लगभग 50 शॉल दान किए गए। उक्त कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती, सचिव वीरा अर्चना नाहटा, कोषाध्यक्ष वीर धर्मेंद्र जैन, वीर विनोद संचेती, वीर अजय नाहटा, वीर अशोक खीचा, वीर प्रभा दुग्गर, वीर शोभा कांकरिया, वीर अनूप बडेरा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र
## कम्बल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सिकंदराबाद केंद्र** द्वारा इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद 500 व्यक्तियों को कम्बल दान करने की एक हार्दिक पहल की हैं। जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने और उन्हें व्यक्तिगत रूप से कम्बल सौंपने के सामूहिक प्रयासों ने एक सार्थक बदलाव किया हैं। यह पहल न केवल समय पर की गई बल्कि समुदाय का समर्थन करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं। केंद्र द्वारा TSWRS JC गर्ल्स स्कूल, अमंगल का समर्थन करने का सौभाग्य मिला, जो 611 छात्रों का घर हैं। उनकी तत्काल जरूरतों को समझते हुए, भोजन तैयार करने में सहायता के लिए रु.18,000 मूल्य के खाना पकाने के बर्तन और JEE, NEET और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता के लिए रु.30,500 मूल्य की अध्ययन सामग्री का योगदान दिया। यह पहल छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने का एक शानदार अवसर था, जिससे उन्हें उनकी दैनिक चुनौतियों को कम करने और उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए।





भोजन वितरण कार्यक्रम म.इ. हैदराबाद केंद्र



जीवदया कार्यक्रम म.इ. मैजिक वीरा केंद्र छत्रपति संभाजीनगर

# GLIMPSES OF ACTIVITIES



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम म.इ. डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र



जूते, टोपे एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम म.इ. सूरतगढ़ केंद्र




वृक्षारोपण कार्यक्रम म.इ. रॉयल ब्यावर केंद्र




पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम म.इ. दिल्ली केंद्र

